वर्ष-3, अंक-42
इन्दौर, मंगलवार
6 मई 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभव से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।



चाणक्य

## न्यूज़ ब्रीफ

### अलीगढ़ में 4 सीटर ट्रेनी विमान क्रैश

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** अलीगढ़ एयरपोर्ट में रविवार दोपहर पायलट ट्रेनिंग के दौरान एक प्लेन क्रैश हो गया। 4 सीटर इस प्लेन के अंदर सिर्फ ट्रेनी पायलट प्रणव जैन मौजूद था, जो प्लेन उड़ा रहा था। जब प्लेन क्रैश की सूचना अधिकारियों को मिली, तो अफरा-तफरी मच गई। मामला धनीपुर हवाई पट्टी का है। प्लेन आसमान में उड़ने के बाद लैंडिंग कर रहा था। प्लेन को रन-वे पर उतारने के दौरान इसका डायरेक्शन बदल गया और यह एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल से जा टकराया।

### ऐजाज खान के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज

**मुंबई (एजेंसी)।** बिग बॉस 7 में नजर आ चुके एक्टर ऐजाज खान पर एक महिला ने रेप के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई है। आरोप हैं कि ऐजाज ने शादी और रियलिटी शो हाउस अरेस्ट में कास्ट करने का झांसा देते हुए महिला से जबरदस्ती संबंध बनाए। बता दें, ऐजाज खान के खिलाफ पहले ही शो हाउस अरेस्ट के जरिए अश्लीलता फैलाने के आरोप में शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने चारकोप पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है।

### महोबा में तीन दोस्तों की मौत

**महोबा (एजेंसी)।** महोबा में ट्रक ने बाइक सवार तीन दोस्तों को कुचल दिया। हादसे में दो की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बरबई के पास सड़क किनारे तीनों बाइक लेकर खड़े थे। इसी दौरान ट्रक ने कुचल दिया। मृतकों की पहचान जीतू कुशवाहा (18), भरत कुशवाहा (18) और प्रमोद कुशवाहा (25) के रूप में हुई है।

### कानपुर में पति-पत्नी, 3 बेटियां जिंदा जलीं

**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर में रात 8 बजे एक 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में एक परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में पति-पत्नी और उनकी 3 बेटियां हैं। बिल्डिंग के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर जूता-चप्पल बनाने का कारखाना था। ऊपर के 4 फ्लोर में दो भाइयों का परिवार रहता था। आग की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर पर कारखाने से हुई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। घर में रखे सिलेंडर, केमिकल और एसी फटने लगे। आग ने 10 से 15 मिनट में पूरी बिल्डिंग को चपेट में ले लिया।

### पेरू में अपहृत 13 खदान गार्ड मृत पाए गए

**लीमा (एजेंसी)।** उत्तरी पेरू के ला लिबर्टाड विभाग में 13 खदान कंपनी के गार्डों के शव बरामद किये गये हैं, जिनके बारे में पहले कहा गया था कि उन्हें अपहृत कर लिया गया है। निजी समाचार नेटवर्क रेडियो प्रोग्रामास डेल पेरू ने कहा कि कार्यकारी शाखा के सूत्रों ने पाटाज़ प्रांत में शवों के मिलने की पुष्टि की है। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया कि शव एक खदान में बंधे हुए, आंखों पर पट्टी बंधे और नग्न अवस्था में पाए गए, जहां उन्हें कथित रूप से गोली मारी गई थी।

# मणिपुर दो साल से अशांत है, मोदीजी आप राजधर्म निभाने में विफल रहे

## कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- प्रधानमंत्री की उपस्थिति का इंतजार कर रहा राज्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर पिछले दो साल में एक बार भी मणिपुर का दौरा न करने पर राजधर्म निभाने में विफल रहने का आरोप लगाया है। खड़गे ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट में लिखा कि मणिपुर दो साल से अशांत है, जबकि पीएम मोदी ने यहां कदम भी नहीं रखा है। खड़गे ने कहा कि मणिपुर में 3 मई 2023 को हिंसा शुरू हुई थी और आज भी जारी है। दो दिन पहले ही तामेंगलोंग जिले में हुई हिंसक में 25 लोग घायल हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मणिपुर हिंसा में 260 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, 68,000 लोग विस्थापित हुए हैं। हजारों लोग अभी भी राहत शिविरों में रह रहे हैं। खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी, मणिपुर आपकी उपस्थिति, शांति और सामान्य स्थिति की वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि



हम आपसे 3 सवाल पूछना चाहते हैं। खड़गे ने कहा कि जनवरी 2022 में आपने मणिपुर में आखिरी चुनावी रैली की थी, उसके बाद आपने 44 विदेशी दौरे और 250 से ज्यादा घरेलू यात्राएं की हैं, लेकिन मणिपुर के लिए एक सेकंड भी आपने नहीं निकाला। मणिपुर के लोगों के प्रति यह उदासीनता और तिरस्कार क्यों? राजनीतिक जवाबदेही कहां है? खड़गे ने दूसरा सवाल पूछा कि मणिपुर के लोगों ने खुद राष्ट्रपति शासन की मांग की थी, लेकिन जब बीजेपी को कांग्रेस पार्टी द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा और आपके अपने विधायक सीएम तय नहीं कर पाए, तब 20 महीने बाद आपको उस मांग को मानना पड़ा। आपकी डबल इंजन की सरकार अपने नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य में क्यों विफल रही है? आपने पहले मुख्यमंत्री को क्यों नहीं हटाया? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गृह मंत्रालय के नियंत्रण के बावजूद राज्य में हिंसा नहीं रुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने अपनी अक्षमता छिपाने के लिए जल्दबाजी में, आधी रात को राष्ट्रपति शासन का प्रस्ताव पारित कर दिया था। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल के जातीय संघर्ष में मणिपुर की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ का नुकसान हुआ है।

### बिहार कांग्रेस में CM फेस को लेकर घमासान!

# तेजस्वी यादव के नाम पर दो फाड़

## महागठबंधन में तेजस्वी को लेकर मतभेद

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही महागठबंधन में मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सबसे बड़ा मतभेद अब कांग्रेस के भीतर ही उभरकर सामने आया है।



तेजस्वी यादव को सीएम फेस बनाए जाने को लेकर बिहार कांग्रेस दो गुटों में बंटती नजर आ रही है। एक ओर जहां प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू का कहना है कि सीएम फेस का फैसला चुनाव बाद किया जाएगा, वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने उनकी ही बातों को खारिज कर तेजस्वी यादव को गठबंधन का नेता घोषित कर दिया है। शकील अहमद ने दो टूक कहा दिया है की तेजस्वी यादव हमारे नेता हैं और गठबंधन को लीड कर रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं है। अगर किसी को उनके नाम पर दिक्कत है तो ये उनकी समस्या है। तेजस्वी ही महागठबंधन का चेहरा हैं और रहेंगे। उन्होंने साफ कहा कि महागठबंधन में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर कोई विवाद नहीं है और जो लोग इस पर सवाल खड़ा कर रहे हैं, उनकी मंशा पर सवाल उठता है। शकील अहमद खान के बयान से साफ हो गया है कि कांग्रेस में एक धड़ा आरजेडी और तेजस्वी यादव के साथ पूरी तरह खड़ा है, जबकि दूसरा गुट अब भी सीएम फेस पर सहमति देने से पीछे हट रहा है। कृष्णा अल्लावरू तेजस्वी को चेहरा मानने को तैयार नहीं हैं, जिससे कांग्रेस में आंतरिक मतभेद और अधिक गहरा गया है।

### तीन बैठकें बेनतीजा

महागठबंधन की पटना में अब तक तीन बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन तेजस्वी यादव के नाम पर आधिकारिक मुहर नहीं लग सकी है। आरजेडी की ओर से पहले ही ऐलान हो चुका है कि तेजस्वी ही सीएम फेस होंगे, पर कांग्रेस का अड़ियल रवैया अब गठबंधन की एकता पर सवाल खड़े कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम पर विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं कि क्या कांग्रेस ने आरजेडी के सामने समर्पण कर दिया है? या फिर यह केवल सत्ता की साझेदारी की खींचतान है? बिहार कांग्रेस में तेजस्वी यादव के नाम पर अंदरूनी कलह अब खुलकर सामने आ चुकी है। महागठबंधन को मजबूत करने की जगह, कांग्रेस के भीतर ही नेतृत्व को लेकर मतभेद महागठबंधन की रणनीति को कमजोर कर सकते हैं।

### केंद्र का निर्देश :

# राज्य सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल करें

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने कई राज्यों से 7 मई को मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

यह इसलिए किया जा रहा है ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। हालांकि रविवार-सोमवार रात



पंजाब के फिरोजपुर छावनी में ब्लैकआउट प्रैक्टिस की गई। इस दौरान गांवों और मोहल्लों में रात 9 बजे से 9:30 बजे तक बिजली बंद रही। दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। सरकार किसी भी संभावित खतरे से पहले तैयारी करना चाहती है।

### ऑस्ट्रेलिया में एक घर से दो बच्चों के शव मिले

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के उत्तर- पश्चिमी क्षेत्र में घर के अंदर दो बच्चों के शव मिलने के बाद एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) प्रांत के कूनाबरब्रान कस्बे में एक घर से 8-10 साल के दो बच्चों के शव बरामद हुए हैं।

## पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की


**जम्मू (एजेंसी)।** पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। रक्षा प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि चार से पांच मई की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने नियंत्रण रेखा के पार कुपवाड़ा, कश्मीर के बारामुल्ला जिलों और जम्मू संभाग के पुंछ, राजौरी, मेंढर (पुंछ), नौशेरा (राजौरी), सुंदरबनी (राजौरी) और अखनूर (जम्मू) इलाकों में बिना उकसावे के गोलीबारी की। भारतीय सेना ने तुरंत और उचित जवाब दिया। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया है।

### आतंकियों को रहने और खाने का इंतजाम करने के

# आरोपी इम्तियाज ने की आत्महत्या

**जम्मू (एजेंसी)।**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अहरबल क्षेत्र में 23 वर्षीय युवक इम्तियाज अहमद मागरे ने नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। ये हादसा उस वक्त हुआ जब सुरक्षा बल उसे एक आतंकियों के ठिकाने पर ले जा रहे थे। तभी युवक ने नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। मागरे पर आतंकियों को खाना और रहने की व्यवस्था करने का आरोप था। इसी मामले में उसे हिरासत में लिया गया है। अभी केवल दावे किए जा रहे हैं सच तो जांच के बाद ही पता चलेगा। जम्मू-कश्मीर सरकार में



मंत्री सकीना इट्टू ने मागरे की मौत से जुड़े मामले की न्यायिक जांच की मांग करते हुए दावा किया कि पुलिस रिकॉर्ड में मृतक के खिलाफ कुछ भी नहीं है। इट्टू ने कहा, मागरे की मौत की न्यायिक जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। पहलगाम हमला बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण था। हम सभी इससे दुखी हैं। हालांकि, डर का माहौल बना हुआ है। मैं उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से अनुरोध करती हूं कि गृह विभाग को निर्देश दिए जाएं कि निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए और उन्हें नुकसान न पहुंचाया जाए।

### केसी वेणुगोपाल पीएसी के अध्यक्ष नियुक्त

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पीएसी का गठन गत 01 मई से प्रभावशील हुआ है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक श्री वेणुगोपाल अप्रैल-2026 तक अध्यक्ष बने रहेंगे। पीएसी सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित संसदीय समिति है, जिसका पुनर्गठन हर साल किया जाता है ताकि सरकारी व्यय के लिए संसद द्वारा अनुमोदित निधियों के विनियोजन का विवरण देने वाले खातों और स्वायत्त और अर्ध-स्वायत्त निकायों के खातों के रूप में संसद के समक्ष रखे गए।

# महाकाल मंदिर परिसर में लगी आग

## उज्जैन में एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जली

**उज्जैन (निप्र)।** उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर आग लग गई। इससे पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं।



दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थी। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा। घटना मंदिर के गेट नंबर 1 पर स्थित अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुई। सूचना मिलते ही दमकलें मौके पर पहुंची। कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया।

फिलहाल बैटरी में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच के बाद ही पता चल सकेगा। आग पर काबू पाने के बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया।

### टेंडर मैनेजमेंट घोटाला | बिहार में भ्रष्टाचार सिस्टम का हिस्सा

# सुशासन बाबू की छवि पर एक और बड़ा धक्काः चुनाव से पहले नीतीश पर बड़ा राजनीतिक दबाव

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की नीतीश सरकार एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर गई है। इस बार मामला सरकारी टेंडरों में भारी रिश्वतखोरी और प्रणालीगत भ्रष्टाचार का है, जिसमें राज्य के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस, भवन निर्माण, नगर विकास, और जल संसाधन विभागों के कई बड़े अधिकारी जांच के दायरे में हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) की संयुक्त रिपोर्ट से यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि बिहार में सरकारी टेंडर आठ से दस प्रतिशत कमीशन पर मैनेज किए जा रहे थे।

इस घोटाले के सामने आते ही बिहार की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस, राजद, और अन्य विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि नीतीश सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार संस्थागत हो चुका है। ईडी की रिपोर्ट के मुताबिक, संजीव हंस, जो कभी केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के निजी सचिव रहे थे, पर सरकारी टेंडरों की सेटिंग कराने और मुंबई की फर्म से एक करोड़ की रिश्वत लेने का भी आरोप है। यह रिश्वत उपभोक्ता निवारण आयोग से अनुकूल फैसला दिलाने के एवज में ली गई थी। गुरुवार को दर्ज एफआईआर (मामला संख्या 05/2025) में उनके साथ-साथ ठेकेदार रिशु श्री, सहयोगी संतोष कुमार, निजी कंपनियों के निदेशक पवन कुमार, और कई अज्ञात सरकारी अधिकारियों को भी नामजद किया गया है। ईडी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि बिहार शरीफ स्मार्ट रोड, मुजफ्फरपुर सीवरेज नेटवर्क, और



### क्या होगी अगली कार्रवाई?

एसवीयू ने इस मामले की जांच डीएसपी राजेश रंजन को सौंपी है। ईडी की रिपोर्ट के आधार पर अन्य विभागों जैसे ऊर्जा, जल संसाधन, और नगर विकास विभाग के भी अधिकारियों पर कार्रवाई की आशंका है। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

33 नालों की जैविक सफाई योजना जैसी परियोजनाओं में ठेकेदारों को एडवांस भुगतान, और अन्य खर्चों के नाम पर रिश्वत दी गई। बिलों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया गया ताकि रिश्वत और कमीशन की रकम को वैध दिखाया जा सके। इस घोटाले के सामने आते ही बिहार की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस, राजद, और अन्य विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि नीतीश सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार संस्थागत हो चुका है। कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा, यह घोटाला सिर्फ संजीव हंस तक सीमित नहीं है। रिशु श्री जैसे दलाल कई विभागों में टेंडर दिलवाने का खेल खेलते थे। ये जांच माननीय न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई से होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार रिशु श्री के कॉल डिटेल्स सार्वजनिक करे ताकि यह सामने आ सके कि वह किन-किन अधिकारियों से लगातार संपर्क में था। बिहार का टेंडर मैनेज घोटाला महज एक प्रशासनिक मामला नहीं, बल्कि राजनीतिक संकट में बदलता जा रहा है। इस घोटाले ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बिहार में भ्रष्टाचार सिस्टम का हिस्सा बन चुका है?

CMYK

## सुविचार



- आज भी विवाह जैसे शुभ कार्य में कुंडली से पहले कैलकुलेटर को तवज्जों दी जाती है, दरअसल दहेज की गणित का मुद्दा जो होता है।
खेमू पाराशर

## संपादकीय

# चीन और पाकिस्तान के बीच गुप्त रक्षा संधि?

*बुल्गारिया की रक्षा वेबसाइट मिल्ट्री.कॉम की ताजा रिपोर्ट ने भारत की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और पाकिस्तान के बीच एक गुप्त समझौते पर बातचीत चल रही है। इस समझौते के तहत चीन, पाकिस्तान को रूस निर्मित एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की तकनीकी जानकारी देगा। यह वही एस-400 प्रणाली है। जिसे भारत ने रूस से 5.43 अरब डॉलर में खरीदा था। भारत ने इस तकनीकी से निर्मित विमान एवं सुरक्षा उपकरण चीन तथा पाकिस्तान की सीमा सुरक्षा एवं चुनौतियों से निपटने के लिए तैनात किया है। चीन को भी रूस नेएस-400 एयर डिफेंस दिया है। अगर यह जानकारी चीन द्वारा पाकिस्तान को लीक होती है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान की वायु सेना मजबूत हो जाएगी। भारतीय वायु सेना का सुरक्षा कवच कमजोर हो जायेगा। पाकिस्तान बरावरी के मुकाबले में आकर भारत के सामने खड़ा हो जाएगा। चीन पहले से स्-400 का उपयोग कर रहा है। चीन और भारत एस 400 की बेहतरी और कमजोरियों से भली-भांति परिचित हैं। यदि चीन ने पाकिस्तान को इसकी रडार फ्रीक्वेंसी, ब्लाइंड स्पॉट और जामिंग तकनीक की जानकारी दे दी, तो भारत के सैन्य मिशनों और रणनीतिक संतुलन के लिए भारत के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। यह मुद्दा केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक और आर्थिक रूप से भारत के लिए कई चुनौतियों को खड़ा करेगा। भारत रूस का परंपरागत सहयोगी रहा है। वर्तमान स्थिति में रुस, अमेरिका चीन और पश्चिमी देशों की ओर झुक रहा है। वर्तमान में चीन का झुकाव भी पाकिस्तान की ओर बढ़ा है। भारत की सीमा चीन और पाकिस्तान से लगी हुई है। ऐसी स्थिति में चीन संतुलन बनाए रखने के लिए पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मजबूत बनाने का जो काम कर रहा है। वह भारतीय हितों को बुरी तरह से प्रभावित करने वाला है। रूस ने एस 400 को लेकर भारत के साथ किये गये समझौते की अनदेखी की, तो भारत की रक्षा नीति को गहरा आघात लगेगा। वैश्विक हथियार नीति के 'एंड यूजर एग्रीमेंट' पर सवाल खड़े होंगे। वर्तमान स्थिति में जिस तरह की हालत देखने को मिल रही है। उसमें एग्रीमेंट का कोई बहुत ज्यादा महत्व नहीं रहा। सारी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अपना वजूद खो चुकी हैं। भारत सरकार को इस रिपोर्ट की गंभीरता को समझना होगा। चीन पाकिस्तान के साथ रक्षा और एस 400 को लेकर यदि कोई समझौता करता है।ऐसी स्थिति में भारत को रूस से औपचारिक आपत्ति और कूटनीतिक दबाव बनाकर एस-400 की गोपनीयता सुनिश्चित करने का दबाव बनाना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो भारत के अरबों डॉलर खर्च करके जो सैन्य उपकरण खरीदे है। वह सुरक्षा व्यवस्था बेमानी साबित हो सकती है। रक्षा मामलों में चीन से भारत बहुत पीछे हैं यदि पाकिस्तान जैसे देश चीन को सहायता से रक्षा मामलों में हमारी बराबरी में आकर खड़े हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में भारत को जो चुनौतियां मिलेगी, उनकी कल्पना कर पाना आज की स्थिति में संभव नहीं है। भारत के विदेश मंत्री पहले ही कह चुके हैं।चीन आर्थिक और सैन्य क्षेत्र में भारत से बहुत आगे है। हम उसका मुकाबला नहीं कर सकते हैं। यदि चीन गुप्त रूप से पाकिस्तान की मदद कर रहा है। ऐसी स्थिति में सबसे ज्यादा परेशानी भारत को होगी। भारत के मुकाबले चीन अपने आप को बहुत समर्थ बनाना चाहता है। वैश्विक व्यापार तथा सैन्य शक्ति में वह दुनिया के देशों में सबसे अग्रणी रहे। इसके लिए चीन की प्रतिस्पर्धा भारत के साथ हमेशा बनी रहेगी। चीन दुनिया के साम्राज्य का प्रभाव अपने वश में रखना चाहता है। भारत भी दुनिया का विश्व गुरु बनना चाहता है। चीन पीठ के पीछे से वार करने और अपनी विस्तार नीति के लिए पहचाना जाता है। ऐसी स्थिति में भारत को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। जिस तरह की स्थिति वर्तमान में देखने को मिल रही है, उससे भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। भारत सरकार को बहुत गंभीरता के सात चिंतन मनन करते हुए वर्तमान स्थिति में अपने आप को चुनोतियों से बचाते हुए आगे बढ़ाने के मार्ग को खोजना होगा। जिस तरह 1962 में हिंदी चीनी भाई-भाई के रूप में चीन ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भारत के साथ विश्वासघात किया था। वही हालात अब एक बार फिर देखने को मिल रहे हैं। इसलिए भारत को इतिहास से भी सबक लेने की जरूरत है।*

## नजर,नजराने और नजरदोष

नजर और नजराने,, नजर बदली नजराने बदल जाते है । हाइवे पर चलने वालों के लिए सूचना होती है नजर हटी दुर्घटना घटी। नजर को हमेशा अपने लक्ष्य पर रखना चाहिए आजपहलगाम में सुरक्षा कर्मियों की जरा नजर चुकी की आतंकवादियों ने निर्दोष 26 लोगो को शहीद कर दिया। नजर नेताओं की हमेशा अपने मतदाताओं पर रहती है । कैसे वोट कबाड़ने पर रहती है जैसे तैसे जीते और जीतने के बाद विभिन्न योजनाओं पर टिकती है। कहा हाथ साफ कर पैसा बनाया जाए। एक विद्यार्थी की नजर अपने लक्ष्य पर टिकी होती हैं जितना उसने तय किया उसे वह हासिल कर पाए और कैरियर बनाए। कई नेताओं को नजर दोष भी रहता है उन्हें कितना अनुनय विनय, अनुरोध करे समस्याओं को वो अपना हित देखते है मेरा क्या है इसमें जनता जाए भाड़ मे अपना काम बनता तो ठीक नहीं तो लाल फ़िताशाही में उलझा देते है। हर घटना पर पैनी नजर रखना किस घटना से अपना क्या फायदा हो रहा है किस घटना पर क्या बयान देना है कैसे किसी कि लू और नजर उतारनी है कैसे किसी ज्वलनशील मुद्दे पर तीर छोड़ना तीर ज्यादा खलबली मचा दे तो धीरे से अपना बयान वापस लेना और कहना मेरे कहने का गलत अर्थ निकाला गया मैने ऐसा नहीं कहा और पतली गली भी से निकल लेना। ये हथकंडे आम जनता समझती है उसपर नजर रखती है क्रिकेट खिलाड़ी की नजर हमेशा गेंद पर टिकी रहती है जब लय में होते है गेंद फुटबॉल नजर आती है। तबियत से गेंदबाजों की धुनाई करते है। खूबसूरत बच्चे को काला टीका लगाया जाता है कोई की नजर ना लगे बच्चा नजरा जाता है तो नजर उतारी जाती है। नजर का ही खेल होता है कोई खिलाड़ी अच्छा खेल और प्रदर्शन करता है तो चयनकर्ता की नजर में रहता है देर सवेर मौका मिलता है। कोई अपना नजर फेर ही लेता है बहुत बुरा महसूस होता है व्यापार में नजर का खेल है अनाज मंडी, सब्जी मंडी, फल मंडी स्क्रैप वाले सभी जगह नजर का खेल है। नजर से व्यापारिक सौदे होते है एक नजर से सामने वाले की नियत भांप ली जाती है। राजनीति में सत्तापक्ष की विरोधी दल पर नजर रहती है और विरोधी दलों की सत्तापक्ष वालों जहां कोई भी उपेक्षित और कसर चंद टाइप नेता को अपने पाले में कर लेते है। पूत के पांव पालने में नजर आते है वैभव सूर्यवंशी जैसा खिलाड़ी बनकर धमाका करता है। कुछ लोग नजर के ऐसे पारखी होते है कि लिफाफा देखकर मजमून पहचान लेते है। पहचानने के नजर से खेल खेल जाते है। एक लोकप्रिय गीत नजर के सामने , नजर के सामने कोई रहता है वो हो तुम वो हो तुम,,, हमेशा नजर के सामने अपने ईष्ट देवता और ईश्वर को सामने रखना चाहिए उनकी निगाहे करम से और नजर से जीवन की वैतरणी सही सलामत पार हो जाए जीवन सफल हो जाए।

**मोहम्मद हुसैन हाटपिपलीयवाला**
**इंदौर**

# नाले से नवजीवन तक

## कहानी

ब्याह के दस साल होने को है, अभी तक एक बच्चा नही जन पायी है तू, बांझ कहीं की!! टूटे फूटे घर के बाहर लगी चारपायी पर बैठी एक बूढ़ी औरत घर में झांकते हुए बोली। क्या बात है अम्मा! क्यो सुबह सुबह चिल्ला रही हो। तभी उस बुढ़िया का बेटा भोला घर से बाहर आते हुए बोला। अरे तेरी बहु!! शादी के दस साल हो गए लेकिन एक बच्चा नही जन पायी अभी तक। पड़ोस में सब मेरे उम्र की औरतें अपने दो-दो तीन- तीन पोते पोतियों के साथ खेलती नजर आती है। अपने बेटे को देख कर वो अम्मा बोली। माफ करो अम्मा जी! लेकिन देखना एक दिन मैं भी माँ बनूँगी। भगवान पर भरोसा है मुझे! अपनी सास के लिए चाय बना कर लाते हुए कमली बोली। हां भई! क्यो न बनेगी माँ, वो बच्चा तो जैसे अपने घर के सामने बह रहे नाले में तैरता हुआ आएगा न! बहुत बुरा सा मुँह बनाते हुए अम्मा बोली और एक घृणा भरी नजरो से कमली को देखते हुए अपनी चाय उसके हाथों से छीन ली। क्या अम्मा!! कैसी बाते कर रही हो। आप भूल गयी वो दिन, दो साल पहले मैं कितना बीमार था और डॉक्टर ने पैसे जमा न करने के कारण इलाज के लिए मना कर दिया था। तो आपकी इसी बहु, इसी कमली की पूजा पाठ के कारण मैं आज एकदम ठीक ठाक हुँ नही तो...... भोला ने कमली पर एक नजर डालते हुए अपनी माँ से कहा। लेकिन अम्मा ने बीच में ही उसकी बात काट दी। नही नही बेटा!! आगे कुछ न बोलना! बहु तू भी मुझे माफ़ कर दे! क्या करूँ जब पड़ोस की औरतें मुझे बार बार बच्चो के बारे में पूछती है तो मुझे भी झुंझलाहट होती है और वहां का गुस्सा यहां आ कर निकाल देती हूं। देखना बहु एक दिन तू भी माँ बनेगी और बहुत अच्छी माँ कहलाएगी। ये आशिर्वाद है इस बुढ़िया का। कहते हुए वो अम्मा चाय का कप नीचे रख अपनी चारपाई से उठी और अपनी बहू कमली को गले से लगा लिया। दोनो सास बहू की आंखों में आंसू थे। एक आलीशान बंगला.. देख बहु!! इस बार छोरी पैदा नही होनी चाहिए! पहले ही मूंग दलने के लिए एक छोकरी है। बार बार छोरी नही चाहिए समझी। मेरे भी चार छोरे है और तेरे ससुरजी और भी चार भाई है। चल तू चार नही कम से कम





दो छोरो का मुँह तो दिखा दे। एक चौधराइन की तरह दिखने वाली औरत, जो कुछ मोटी और गहनों से लदी हुई थी अपनी पूरे नो महीने की गर्भवती बहु के पास बैठी हुई बोली। दर्द से कराह रही बहु कुछ बोलना चाह रही थी लेकिन उसके बोल ही नही निकल रहे थे। कैसे भी हिम्मत कर के वो कुछ बोली।

पर माता जी! लड़की हो या लड़का इसमे मेरी क्या गलती, होगी तो वो इस घर की औलाद ही ना!

तू चुप कर!! छोरा मतलब छोरा!! छोरी हुई तो घर के पीछे बहने वाले नाले में फेंक आऊंगी। ले ये दवा खा, दाई भी आ गयी होगी। डांटते हुए उन माताजी ने अपनी बहु को चुप करवाया और दवा देने लगी। तभी दाई भी आ गयी प्रसव करवाने। यहां हॉस्पिटल थे और परिवार भी समृद्ध था लेकिन बेटे की चाह और बेटियों को मौत के घाट उतारने के लिए वो हॉस्पिटल नही जाना चाहते थे इसलिए उन माताजी ने अपने गांव से दाई को बुला लिया था। कुछ देर बाद प्रसव हुआ। बाहर खड़ी माताजी बेसब्री से अपने पोते का चेहरा देखने को बेताब थी। अचानक ही जोरों से बादल गरजे और बहुत तेज बारिश शुरू हो गयी थी। लगता है मेरा कृष्णा आ गया। कृष्ण भगवान के जन्म पर भी तेज बारिश हुई और मेरे पोते के जन्म पर भी तेज बारिश हो रही है। पक्का मेरा कृष्ण ही आया है। मुस्कुराते हुए हॉल के बाहर की बारिश को देख कर वो माताजी बोली। तभी दाई एक छुटकू से बच्चे को अपने गोद में ले कर बाहर आई थी। इस बारिश के मौसम में उस बच्चे का गौर वर्ण एकदम चमक रहा था। अरे मेरा कृष्णा आ गया। इस हवेली का वारिश। कहते हुए उन माताजी ने उस बच्चे को अपनी गोद में लिया।माता जी!! ये लड़की है। आपको फिर से एक पोती हुई है। डरते हुए दाई बोली। तो करमजली! मुझे क्यो इसे गोद में दिया है। जा फेंक आ इसे पीछे वाले नाले में। जा भाग यहां से। लगभग फेंकते हुए उन माताजी ने उस छोटी सी बच्ची को दाई की गोद में दे दिया।नही माताजी!! ऐसा मत करो! मेरी बच्ची!! माताजी की आवाज सुन कर अंदर लेटी हुई उनकी बहु रोते हुए बोली। कमजोरी के कारण वो उठ नही पायी और बेहोश हो गयी।दाई अपना काम कर चुकी थी और किसी को कानो कान खबर भी नही हुई। अम्मा! आज तो पैसे भी ना मिलेंगे। बारिश के कारण काम ही रुक गया है। सुबह तो मौसम ठीक था लेकिन पता नही अचानक क्या हो गया। अपने टूटे फूटे मकान से बाहर झांकता हुआ भोला अपनी अम्मा के पास बैठते हुए बोला।हां बेटा। ये बारिश हम गरीबो का काल है। आये दिन उस नाले का पानी इस बस्ती के कई मकानों को बहा ले जाता है। पता नही सरकार कब इसे सही करवाएगी। अपने सिर पर हाथ रखते हुए अम्मा बोली।हां अम्मा जी! और ऊपर से इसकी बदबू! जीना ही हराम कर देती है। खाना लगते हुए कमली बोली तभी तेज बारिश में भीगते हुए दो बच्चे घर के अंदर आये।कमली ताई, कमली ताई! कोई जानवर सामने वाले नाले के कचरे में फंस गया है और किलबिला रहा है। हमने कोशिश की लेकिन हाथ नही पहुंच रहा। बच्चे हांफते हुए बोले और कमली उनके साथ उस ओर दौड़ पड़ी।बेचारी! कितनी दया भाव है इसमे! लेकिन फिर भी भगवान इसकी नही सुनते। जा भोला तू भी जा, मदद कर उसकी। कहते हुए अम्मा ने मन ही मन कमली को आशीर्वाद दिया और भोला को भेज दिया।नाले के पास उसे निकालने के लिए कमली मसक्कत किया जा रही थी। तभी भोला भी आ गया।

दोनो ने मिल कर आहिस्ता से जो कीचड़ में फंसा था उसे बाहर निकाला। देखा तो हैरान थे दोनो। ये तो इंसान का बच्चा था।कमली की आंखों में आंसू आ गए। कमली ने उस कीचड़ में लथपथ बच्चे को अपने सीने से लगा लिया। उसकी सांसे और धड़कने चल रही थी।

कैसे कैसे लोग होते है ना! एक हम लोग है जो एक बच्चे के लिए तड़प रहे है और एक वो लोग जिन्हें भगवान बच्चे देते है लेकिन वो उन्हें इस तरह बाहर फेंक देते है। चलिए जी इस बच्चें को घर ले चलते है। कहते हुए कमली ने अपनी साड़ी के पल्लू से उस बच्चे का चेहरा पोंछ कर चूमा और दोनो उसे घर ले आये।क्या था बेटा! किसकी बकरी फंस गई थी। कुछ काम करते हुए अम्मा जी उनकी ओर बिना देखे बोली।ये था अम्मा!! बस भोला इतना ही बोला कि अम्मा पलटी और कमली की गोद में बच्चें को देखने लगी।

अम्मा जी को वो शब्द याद आने लगे जो उन्होंने सुबह ही आनन फानन में गुस्से में बोल दिए थे।अम्मा भागती हुई कमली के पास पहुंची और उस बच्चें को देखा।इतना सुंदर बच्चा। लगता है किसी अमीर ने इसे इस बरसती बरसात में नाले में फेंक दिया। आज ही पैदा हुआ लगता है। जा बहु इसे साफ कर दे और मैने जो बहुत पहले छोटे कपड़े बनाये थे वो पहना दे। बच्ची का और कमली का सिर सहलाते हुए अम्मा जी बोली।कुछ देर बाद कमली बच्ची को तैयार कर ले आयी थी..अम्मा जी! ये लड़की है। लड़की हुई तो फेंक दिया इसे। कहते हुए उसके उस बच्ची को सीने से लगा लिया।

तो क्या हुआ! ला मुझे दे। इसे हम पालेंगे। लगता है पास ही के अमीरों ने इसे नाले में बहा दिया। अपने हाथ कमली की ओर फैलाते हुए अम्मा जी बोली।कमली ने उस बच्ची को अम्मा जी के हाथ में दे दिया। इतनी सुंदर , गोर वर्ण लिए मासूम सी बच्ची को देख कर अम्मा जी का मन भर आया।

लगता है इस गुड़िया को भगवान ने तेरी झोली में डाला है कमली। इसे बहुत पढ़ना, और अफसर बनाना, और इतनी आग भरना इसमे की ये किसी से भी ना डरे। जब भी लोग इसे देखे तो उन्हें भी एक बेटी के माता पिता बनने की चाह पैदा हो जाये। कहते हुए अम्मा जी ने उसे चारपाई पर लेटाया और रसोई से कुछ ला कर उसकी नजर उतारने लगी।आज घर में पैसे नही थे तो कमली ने गुड़ से भगवान को भोग लगाया और उसी से सबका मुँह मीठा करवाया। उन्होंने बच्ची का मिलन रखा।ये वहीं बच्ची थी जिसे उस आलीशान बंगले की चौधराइन ने नाले में फेंकने के आदेश दिए थे।

वहां से तो उसे बहा दिया था लेकिन तेज बारिश के बहाव से बहती हुई वो बच्ची इस कच्ची बस्ती में आ रुकी। (छः महीने तक के बच्चें पानी में नही डूबते)बच्ची मिलने के दो महीने बाद ही भोला की नौकरी एक बड़ी सी फैक्टरी में लग गयी जहां जूते बनते थे।और देखते ही देखते उनकी आर्थिक स्थिति सुधरने लगी थी। अम्मा जी इन सबके लिए उस बच्ची के शुभ कदम को मानती थी।अब वो लोग कच्ची बस्ती को छोड़ अच्छे मकान में रहने लगे थे। लेकिन उन्होंने कच्ची बस्ती वालो से नाता नही तोड़ा था। मिलन अब स्कूल भी जाने लगी थी। देखते ही देखते सालों बीत गए और एक दिन मिलन यहां की कलेक्टर बन गयी थी। लेकिन फिर भी वो अपने बस्ती वाले दोस्तो को नही भूली थी। जब यहाँ रहती थी तो अक्सर कहा करती थी कि एक दिन कलेक्टर बन जाउंगी और इस नाले को सही करवाउंगी। वैसा ही हुआ। मिलन ने उस नाले का निर्माण करवाया और उसे थोड़ा बड़ा बनवा कर बंद करवा दिया ताकि बारिश के दिनों में पानी बाहर ना आये और साथ ही बदबू से भी राहत मिल जाये। सब लोग मिलन की तारीफ किये जा रहे थे। अब बस्ती वाले भी बारिश के दिनों में आराम से, बिना किसी डर से रहा करते थे।

आलीशान बंगले की छत पर खड़ी चौधराइन की बहु उस नाले को देख रही थी जो अब ढका जा चुका है। काश पच्चीस साल पहले ही ये नाला बन्द हो चुका होता तो आज मेरी बच्ची जिंदा होती। सोचते हुए उसकी आंखों में आंसू आ गए। इस बात से अनजान की आज उसकी बेटी इसी दुनिया में श्वांस ले रही है और आज सबकी जुबान पर उसी का नाम है। जिस बरसाती नाले में गिर कर कई जानवरो की, कई छोटे बच्चो की जीवन लीला समाप्त हो गयी उसी नाले से एक बच्ची को नई जिंदगी मिल गयी।

**- रश्मि आर्य रीति**
**लाडनूँ (राजस्थान)**

# माथे पर जाति लिखने का दौर


क समय था कि जब संग संग पढ़ने और खेलने में जाति नाम से बालक अनभिज्ञ रहते थे, फिर ऐसा भी दौर आया कि जातियों के आधार पर कुछ विशेष सुविधाएँ मिलने लगी। लोग जातीय पहचान केवल जातीय कॉलम में ही लिखते थे, मगर मित्रों में जाति के नाम पर कोई भेद करना गुनाह होता था। अब ऐसा दौर आ रहा है, कि लोग माथे पर अपनी जाति सूचक पहचान चिपका कर घूमने के लिए विवश होंगे। जातीय गणना का समाज पर पड़ने वाला यह प्रभाव दुष्प्रभाव होगा या सुप्रभाव, यह बहस का विषय हो सकता है। जाति गणना को लेकर जितने मुँह उतनी बात जैसी स्थिति है। जिसे देखो वही जातीय गणना पर अपने आप को विशेषज्ञ सिद्ध करने पर अड़ा है। माथे पर जाति का प्रमाण चिपकाने से पहले मुझे अपना बचपन स्मरण हो आया, जब मैं नगर पालिका के टाट पट्टी वाले स्कूल में पढ़ा करता था।

बचपन में हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई, आपस में हैं भाई भाई, जैसी



शिक्षा सरकारी स्कूलों में प्राप्त हुई, तो लगा ही नहीं, कि बच्चों में धर्म के नाम पर कोई भेदभाव है। इसी प्रकार बेसिक शिक्षा में पांचवी कक्षा तक भाषा में स्वर और व्यंजनों का ज्ञान प्राप्त करते हुए या गणित के गिनती, पहाड़े गुना भाग सीखते हुए कभी साथ बैठे हुए सहपाठी से यह जानने की जरुरत नहीं पड़ी, कि उसकी जाति क्या है ? पता नहीं कि उस समय जातियाँ होती भी थी या नहीं। हो सकता है कि उस समय भी जातियां होती हों, किन्तु कोई अपनी जातियों को माथे पर चिपकाने का चलन नहीं था।

आज हम अत्याधुनिक हैं, स्वयं को विश्व मानव की संज्ञा दे रहे हैं। शिक्षा के बल पर वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। विश्व के अनेक देशों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। वहां जाति का प्रमाणपत्र हम संग लिए नहीं घूमते। शायद वहां जाति के प्रमाणपत्र बनते भी नहीं, जो मानव में भेद करके उसे किसी जातीय विशेषण तक सीमित रखते हों। अपने यहां का तमाशा औरों से अलग है। यहाँ आदमी की पहचान उसके आदमी होने से नहीं, बल्कि उसकी जाति का खुलासा होने से होती है। अपने जीवन को समाज के प्रति समर्पित करके सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माँ कश्चिद्दुःख भाग्भवेत की कामना करने वाले महापुरुषों की जातियां खोजने में कुछ जीव जुटे रहते हैं। एक सच



## व्यंग्य
## वक्रासन

यह भी है कि साधु-संतों, घरों व मंदिरों में पूजे जाने वाले भगवानों को भी जातियों में बांटने का चलन बढ़ गया है। कुछ लोग तो ऐसे हैं, जो अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए जाति जाति का खेल ही खेलते हैं। यदि वे जाति जाति न खेलें, तो उनके धरती पर होने की प्रासंगिकता पर ही प्रश्न खड़ा हो जाएगा।

बहरहाल जाति है कि उसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती, क्योंकि जाति है, तो चंद लोगों की रोजी रोटी है, जाति है तो संकीर्णता है, जाति है, तो अंधों में काने सरदारों का अस्तित्व है। बार बार एकता अखंडता भाईचारा जैसे शब्दों पर मंथन करके अपेक्षा की जाती है, कि मानवता की खातिर जातीय विषबेल को पनपने न दिया जाए, किसी भी देह के पहचान सूचक नाम के सम्मुख लगे जातिसूचक विशेषण को हटाया जाए। विद्यालयों में जिस उद्देश्य से समान परिधान पहनकर आने की व्यवस्था लागू की जाती है, उसी प्रकार से जातीय पहचान से विलग सभी विद्यार्थियों में किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाए, मगर ऐसा क्यों नहीं हो पा रहा है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। ध्यान है भी, तो कटु सत्य को कोई स्वीकार करना नहीं चाहता। ताज्जुब तब होता है, जब लोग अपनी जातियां घोषित करने में कतराते हैं, कोई जाति का नाम लेकर सम्बोधन करे, तो लड़ने पर आमादा हो जाते हैं, मगर यदि जाति के नाम पर लाभ लेने का अवसर मिले, तो अवसर का भरपूर लाभ उठाते हैं तथा अपना जाति प्रमाण पत्र तुरंत दिखाते हैं। कुछ लोग तो अपने जातीय प्रमाण को अपने माथे पर भी चिपकाते हैं। हद तो तब हो जाती है, जब चेहरों पर लिखी जातियों को बढ़ चढ़ कर दिखाया जाता है , जातियों के आधार पर खुद ही झूठ फैलाया जाता है, कि ख़ास जातियों को समान सम्मान नहीं दिया जाता। उनसे भेदभाव किया जाता है। धर्मस्थलों में प्रवेश से पूर्व उनकी जाति पूछी जाती है। विशिष्ट स्नान में उन्हें डुबकी लगाने की अनुमति नहीं मिलती। चाय की दुकानों में उनकी जाति पूछी जाती है। चाय के गिलास भी उनकी जाति पूछते हैं। एक जमाना बीत गया। लोग चाय की दुकानों पर बार बार चाय पीने जाते हैं, मगर किसी चाय वाले की जाति नहीं पूछते। फिर यही प्रश्न बार बार मन में कौंधता है, कि जब होटलों में, दुकानों पर, सार्वजनिक स्थलों पर किसी के माथे पर लिखी जातियां नहीं पढ़ी जाती, तो चेहरों पर जातियों के नाम कौन लिख रहा है ?

> बचपन में हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई, आपस में हैं भाई भाई, जैसी शिक्षा सरकारी स्कूलों में प्राप्त हुई, तो लगा ही नहीं, कि बच्चों में धर्म के नाम पर कोई भेदभाव है। इसी प्रकार बेसिक शिक्षा में पांचवी कक्षा तक भाषा में स्वर और व्यंजनों का ज्ञान प्राप्त करते हुए या गणित के गिनती, पहाड़े गुना भाग सीखते हुए कभी साथ बैठे हुए सहपाठी से यह जानने की जरुरत नहीं पड़ी, कि उसकी जाति क्या है ? पता नहीं कि उस समय जातियाँ होती भी थी या नहीं। हो सकता है कि उस समय भी जातियां होती हों, किन्तु कोई अपनी जातियों को माथे पर चिपकाने का चलन नहीं था।

**(सुधाकर आशावादी-विभूति फीचर्स)**

## समाजसेवी हर्षल चौहान ने अपना जन्मदिवस आश्रम के विशेष बच्चों के साथ मनाया




इंदौर। इंदौर की सामाजिक संस्था त्रिनेत्रम सामाजिक संगठन के हर्षल चौहान ने अपने जन्मदिवस को विशेष मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया।

सुनील ठाकुर और रौनक सोशल सर्विस सोसाइटी के अध्यक्ष रौनक शाह ने बताया कि त्रिनेत्रम संस्था के द्वारा समय समय पर संस्था के बच्चों को सामग्री प्रदान की जाती हे। संस्था के हर्षल चौहान का जन्मदिवस यहां के मानसिक दिव्यांग स्पेशल बच्चों के साथ धूमधाम से मनाया गया। जिसमे बच्चों को बिस्किट्स, टॉफी, कुरकुरे और ताजे फलों का वितरण किया गया। सभी बच्चों ने हर्षल चौहान को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।आश्रम के सभी सदस्यों ने हर्षल चौहान को जन्मदिन की बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अभिनेता मुश्ताक खान ने अपना हेयर ट्रांसप्लांट अविस्टा क्लीनिक से करवाया



इंदौर। अविस्टा क्लीनिक इंदौर में बालों और त्वचा की समस्याओं के लिए एक प्रसिद्ध हेयर ट्रांसप्लांट क्लिनिक है। डॉ. श्रेयांस मुथा, एम्स के एमडी अविस्टा क्लीनिक में काम करने वाले प्रमुख सर्जन हैं, जिन्होंने अपने पिछले 14 वर्षों के अनुभव में 6000 से अधिक हेयर ट्रांसप्लांट मामलों का संचालन करने की विशेषज्ञता हासिल की है।

पिछले 14 वर्षों में कई व्यवसायी, मशहूर हस्तियों ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन करवाए हैं, जिससे उनकी ज़िंदगी बदल गई है। प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता ÷मिस्टर मुस्ताक खान÷ (वेलकम मूवी फेम बल्लू) ने क्लिनिक पर भरोसा किया है और अपने हेयर ट्रांसप्लांट सर्जरी के लिए मुंबई से इंदौर तक का सफर तय किया है।

स्टैंडअप कॉमेडियन श्री राजीव निगम, (स्टैंड अप कॉमेडियन) विनोद जौहरी (टीवी अभिनेता) श्री मणि सिंह (शास्त्रीय गायक) जैसे कई और अभिनेताओं का पिछले कुछ वर्षों में हाल ही में ऑपरेशन किया गया है। अविस्टा क्लीनिक ने मध्य भारत में पहली बार एक साथ प्रत्यारोपण जैसी हेयर ट्रांसप्लांट की तकनीक विकसित की है।

## मां नारायणी उत्सव 8 मई को



इंदौर। श्री सकल पंच अजमेरी ढूंढाडी सेन समाज के सचिव सतीश सेन ने एक विज्ञप्ति में बताया कि सेन समाज की आराध्य देवी मां नारायणी का उत्सव 8 मई को प्रात 9ः00 बजे सेन बगीची पीलिया खाल बड़ा गणपति (शारदा कन्या विद्यालय के पीछे) मां नारायणी माता मंदिर में पूजा, अर्चना एवं श्रृंगार कर चुनरी उड़ा कर मां नारायणी का उत्सव मनाया जाएगा।

कार्यक्रम की अतिथि भारतीय सेन समाज महिला इंदौर की अध्यक्ष श्रीमती तरुण लता खटोड़ व महामंत्री श्रीमती सुनीता सेन होगी। इस अवसर पर कैलाश खटोड़, कमल पवार स्नेहा सेन, जया सेन, सतीश सेन, विजय सेन, मनोहर सेन, श्रीमती मुन्नी बाई खटोड़ आदि द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी।

## एचआईवी पॉजिटिव बताकर वसूले रुपए

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एचआईवी पाजिटिव बताकर आपरेशन के लिए डॉक्टर और लैब संचालक ने ढाई लाख रुपए वसूल लिए। जब महिला ने दूसरी लैब पर टेस्ट कराया तो रिपोर्ट निगेटिव आई तो परिजन चौक गए। इसके बाद परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ पंढरीनाथ थाने में शिकायत दर्ज कराई। फरियादी पंढरीनाथ थाना अंतर्गत रहने वाले प्रतिष्ठित परिवार से जुड़ा है। परिवार की 75 वर्षीय वृद्धा की गिरने से हड्डी टूट गई थी। परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए तो डॉक्टर ने कहा ऑपरेशन करना पड़ेगा। 40 हजार रुपए खर्च बताया गया। दो दिन बाद डॉक्टर ने जांच रिपोर्ट बताते हुए कहा वृद्धा तो एचआईवी पीड़ित है। उन्होंने विभिन्न तरीकों से डराया और कहा कि इसका ऑपरेशन संभव नहीं है। परिचित डॉक्टर की मदद लेने पर प्रबंधन ने ऑपरेशन की हां कर दी, लेकिन ढाई लाख रुपए मांगे। ऑपरेशन से इनकार करने वाले डॉक्टर रुपए लेकर ऑपरेशन के लिए राजी हो गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी किया। नोटिस पर बयान देने पहुंचे डॉक्टर रजनीश ने कहा कि एचआईवी पीड़ित की लैब से रिपोर्ट मिली थी। अस्पताल में ही लैब चलती है। उसने नमूने लिए थे। तीन महीने बाद वृद्धा की एमवाय में जांच कराई गई तो सामान्य मिली। डॉक्टर ने कहा वृद्धा को एड्स नहीं है। पीड़ितों ने कहा उनको एड्स के नाम पर डराया गया। डॉक्टर ने कहा एड्स पीड़िता का ऑपरेशन नहीं होता है। इसके लिए सारे उपकरण फेंकना पड़ते हैं।

# प्रदेश सरकार के डिजिटल प्रशासन की ओर नये कदम

## जिले के सरकारी कार्यालयों में लागू हुई ई-ऑफिस व्यवस्था, कलेक्टर आशीष सिंह ने ली बैठक

इंदौर! डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए प्रशासनिक कार्यप्रणाली को पूरी तरह ऑनलाइन करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा कल सोमवार से जिले के शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू कर दी गई है। यह व्यवस्था लागू होने के बाद से समस्त फाइलों का संचालन डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि ई-ऑफिस के माध्यम से न केवल कामकाज में पारदर्शिता आएगी, बल्कि फाइलों के निपटारे की गति भी बढ़ेगी। अब किसी भी फाइल की स्थिति रियल टाइम में जानी जा सकेगी। इससे कार्यालयों में अनावश्यक देरी और कागजी कार्यवाही में लगने वाला समय भी बचेगा।



कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में समय सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बेनल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर. पी. अहिरवार, एडीएम रोशन राय, अपर कलेक्टर श्रीमती निशा डामोर तथा राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि जिले में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने के लिए बीते कुछ महीनों से तैयारी चल रही थी। अधिकारियों और कर्मचारियों को इसके संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी ढांचे को भी मजबूत किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिये है कि अब सभी नवीन फाईलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही प्रस्तुत की जाये। कोई भी फाईल ऑफलाईन प्रस्तुत नहीं करें। ऑफलाईन फाईल प्रस्तुत करना प्रशासनिक अनियमितता की श्रेणी में माना जायेगा और संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर ने बताया कि सभी आवश्यक उपकरण, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट कनेक्टिविटी से लैस कार्यालय अब डिजिटल कामकाज के लिए तैयार हैं। सभी कार्यालयों को ई-बोर्ड कर दिया गया है। सोमवार से शासकीय कार्यालयों में नयी फाईल ऑनलाईन ही बनेगी। ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत पहले चरण में फाइलों की मूवमेंट, नोटशीट तैयार करना, स्वीकृति देना, पत्राचार प्रबंधन और दस्तावेजों का डिजिटल भंडारण जैसी सुविधाएं शुरू की गई हैं। आगे चलकर अन्य सेवाओं को भी ई-ऑफिस प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

### अधिकारियों के विरूद्ध की जायेगी कार्रवाई

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों जैसे नामांतरण, बटवारा और सीमांकन के प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत किया जाये। इस अवसर पर उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभागीय कार्यों के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संतोषजनक और सकारात्मक निराकरण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान ही प्रशासन की साख है।

इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि फ़ार्मर रजिस्ट्री से जुड़े प्रकरणों में भी गति लाई जाए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लंबित कार्यों का समयबद्ध समाधान हो। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी अधिकारी द्वारा लापरवाही या उदासीनता बरती जाती है, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि पश्चिमी बायपास के अवार्ड की तैयारी पूरी हो गई है। इंदौर से उज्जैन तक के लिए बनने वाले नये रोड़ के संबंध में भी धारा 11 का प्रकाशन एक सप्ताह में हो जायेगा। उक्त दोनों कार्य होने से उक्त सड़कों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा।

## फैशन शो में बच्चों ने बढ़ाया आत्मबल, दर्शकों ने खूब सराहा

इंदौर। नमो श्री चेतना महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा होटल शेरेटन, इंदौर में एक भव्य फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य था – भारतीय परिधान, स्वदेशी संस्कृति और सामाजिक समावेशिता को प्रोत्साहित करना।

इस कार्यक्रम की आयोजक श्रीमती अर्चना गुप्ता एवं दीपिका शर्मा ने बताया कि यह शो केवल शोभा या सौंदर्य का नहीं, बल्कि समाज के हाशिये पर खड़े बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का एक रचनात्मक प्रयास है।

शो की विशेष बात यह रही कि




इसमें इंदौर के विभिन्न अनाथ आश्रमों से आए बच्चों ने रैम्प वॉक कर आत्मविश्वास और आत्मबल का अद्भुत परिचय दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में DIG श्री राजेश शर्मा जी एवं रक्षित निरीक्षक श्री दीपक पाटिल जी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके प्रेरक शब्दों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना कर दिया।

कार्यक्रम में अपनी मधुर प्रस्तुति से समां बांधने के लिए गायिका कुहु ग्रेसिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं, जिनकी गायकी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस आयोजन का संचालन रितेश माहेश्वरी ने अत्यंत प्रभावशाली शैली में किया।

ज्यूरी पैनल में शामिल रहे पीनल भट्ट रूबी सलूजा अरुणा नायडू, एवं राजेश शर्मा (मोटिवेशनल स्पीकर), जिन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभा का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। करीब 75 डिज़ाइनर्स एवं मॉडल्स ने भारतीय पारंपरिक परिधानों की विविधता और गरिमा को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।

## हास्य कविताओं से मनाया विश्व हास्यदिवस



इंदौर! विश्व हास्य योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित परिचर्चा एवं हास्य व्यंग कविता कार्यक्रम में कवियों ने हास्य रचनाएं प्रस्तुत कर सबको हंसाया और साथ ही परिचर्चा में दिये विषय हंसना स्वास्थ्य वर्धक है पर सभी ने अपने विचार व्यक्त कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष जनार्दन शर्मा, संरक्षक श्रीमती मनोरमा जोशी, प्रभा तिवारी अध्यक्ष सुषमा शुक्ला, उपाध्यक्ष गायत्री शर्मा, रंजना शर्मा, हेमा जैन मिडिया, कवि, लेखक डॉ मनीष दवे, डॉ अंजुल कंसल, डॉ शशि निगम, डॉ मीना परिहार, सुरेन्द्र हरड़े, रामेश्वर गुप्ता, योगेश जिंदल, स्मिता लोणकर, संतोष तोषनीवाल, अंजलि मिश्रा,आशा शर्मा सभी ने रचनाएं प्रस्तुत की ओर आभार नलिनी गाडगे ने किया ।

## सतत 10 घंटे काम करते रहे बिजली कर्मचारी, प्रबंध निदेशक ने भी बातचीत करते बढ़ाया हौसला

इन्दौर। रविवार अपरान्ह मौसम में भारी बदलाव के कारण प्रभावित हुई बिजली व्यवस्थाएं सामान्य करने के लिए शहर के सैंकड़ों बिजली कर्मचारी अधिकारी रविवार शाम से लेकर सोमवार तड़के तक लगातार जुटे रहे। इस दौरान जहां 80 से 90 फीडरों के फॉल्ट दुरुस्त किये गए वहीं चार हजार से ज्यादा व्यक्तिगत शिकायतों का भी समाधान किया गया।

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने शाम से ही प्रति घंटे बिजली व्यवस्था सुधार रिपोर्ट की अपडेट लेना प्रारंभ की थी। बिजली कर्मचारियों द्वारा सतत सुधार कार्य जारी रहने के साथ प्रबंध निदेशक सिंह ने कर्मचारी, अधिकारियों से फोन पर सतत संवाद भी कायम रखा ताकि अंधेरे में कीचड़, पेड़ों की टहनियों, मच्छर या अन्य जीव जंतु के बीच कार्य कर रहे बिजली कर्मचारियों का मनोबल सतत बना रहे। प्रबंध निदेशक ने मुख्य अभियंता एसआर बमनके, अधीक्षण अभियंता मनोज शर्मा, कार्यपालन अभियंताओं से लगातार संवाद कर आपूर्ति स्थिति सुधार की हर घंटे जानकारी ली।

रात 10 बजे से सुबह तक बिजली कर्मचारियों ने 20 फीडरों पर कार्य कर हजारों उपभोक्ताओं की आपूर्ति सामान्य कर राहत पंहुचाई। सुबह 4,5 बजे बिजली कर्मचारी कुछ समय के लिए घर पंहुचे व स्नान आदि से निवृत होकर 7/8 बजे फिर से काम पर जुट गए हैं। सोमवार सुबह भी लाइनों के पास से पेड़ों व टहनियों को हटाने और लाइनों, ग्रिडों पर निकला आकस्मिक कार्य किया जा रहा है। रविवार शाम से सोमवार सुबह तक लगभग 4 हजार व्यक्तिगत शिकायतों का समाधान हो चुका है। सुधार और मरम्मत, मैंटेनेंस कार्य लगातार जारी है।

## IDA पहुँचे नाराज़ नागरिक, लौटे मुस्कुराते हुए

इंदौर विकास प्राधिकरण की स्कीम 136, हरसिंगार बिल्डिंग के रहवासी आज बड़ी संख्या में आक्रोश और चिंता के साथ प्राधिकरण कार्यालय पहुँचे। महिलाओं की सहभागिता और नागरिकों की एकजुटता ने यह संदेश दिया कि वे अपनी मूलभूत समस्याओं—जैसे सुरक्षा, पेयजल, और अव्यवस्थाओं—को लेकर अब चुप नहीं बैठेंगे।

नागरिकों ने पहले कार्यपालन यंत्री अनिल चुघ से संपर्क कर समस्याएं साझा कीं, लेकिन समाधान संतोषजनक नहीं मिलने पर उनका आक्रोश और बढ़ गया। इसके बाद उन्होंने सीधे मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर. पी.



अहिरवार से मुलाकात की।

अहिरवार ने सभी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनीं और गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान हेतु निर्देश दिए। साथ ही अतिरिक्त अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए नियम और प्रक्रिया के अनुसार मानवीय आधार पर राहत प्रदान की।

इस संवेदनशीलता और तत्पर कार्यशैली के चलते नागरिकों के तनावग्रस्त चेहरों पर मुस्कान लौट आई। उन्होंने खड़े होकर तालियाँ बजाईं और एकसुर में कहा-

सीईओ सर, आप जैसा कोई नहीं!

यह दृश्य प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की एक मिसाल बन गया। यह प्रमाण है कि जब नेतृत्व संवेदनशील हो, तो बदलाव संभव है।

## आशुखेड़ी सोलर प्लांट, अगस्त में लोकार्पण के लिए हो जाएगा तैयार

इन्दौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आशुखेड़ी में बन रहे सोलर प्लांट का अवलोकन करते हुए कहा कि ग्रीन बांड से मिले 250 करोड़ रुपये से नगर निगम द्वारा आशुखेड़ी में तैयार किए जा रहे सोलर प्लांट का अगस्त में लोकार्पण कर दिया जाएगा। इस प्लांट के तैयार होने के बाद नगर निगम को हर माह पांच करोड़ रुपये की बचत होगी। इस दौरान उन्होंने सोलर पैनल लगाने वाली कंपनी के कामकाज की समीक्षा भी की। ज्ञात हो कि इंदौर नगर निगम ने इस सोलर प्लांट को स्थापित करने के लिए करीब दो वर्ष पहले ग्रीन बांड जारी कर करीब 250 करोड़ रुपये एकत्रित किए थे। सोलर प्लांट जलूद के पास ग्राम आशुखेड़ी में 225 एकड़ जमीन पर लगाया जा रहा है। इस प्लांट की उत्पादन क्षमता 60 मेगावाट होगी।

# भूमिधारक को फार्मर आईडी और ईकेवायसी जरूरी

## अब अधिकारी-नेता या आम जनता सम्पत्ति की जानकारी नहीं छुपा सकेंगे

इंदौर। शासन की पहल से अब अधिकारी और नेता भी संपत्ति नहीं छुपा सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में छोटी से छोटी भूमि के स्वामी के लिए भी अब फॉर्मर आईडी और ई-केवाईसी आवश्यक हो गई है। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चाहे वह कोई अधिकारी हो या कर्मचारी नेता या जनप्रतिनिधि सभी को आईडी बनाना आवश्यक है।

नेता, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी के पास कितनी संपत्ति है, यह भी अब 1 क्लिक पर सामने आ जाएगा। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण आदि कार्य किए जा रहे हैं।

फार्मर रजिस्ट्री की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने हेतु शिविर के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान योजना के लिए शुरू की गई फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी में सिर्फ किसानों की आईडी बनाने के निर्देश थे। भारत सरकार द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अभिनव पहल की गई थी, जिसके अंतर्गत सम्मान निधि पाने वाले किसानों का डाटा इकठ्ठा कर योजना में प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी केंद्र सरकार द्वारा जनरेट कर दी जा रही है, जिससे उन्हें आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके और हितग्राहीमूलक योजनाओं हेतु लक्ष्य निर्धारण एवं कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सत्यापन की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जा सके।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ फार्मर आईडी जनरेट करने के बाद ही प्राप्त होगा। केंद्र सरकार ने इसमें सुधार करते हुए नए निर्देश जारी कर दिए हैं, जिसके अनुसार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को भले ही योजना का लाभ नहीं दिया जाए, किंतु उनके लिए भी फॉर्मर आईडी और ई-केवाईसी आवश्यक कर दी गई है। आयुक्त भू अभिलेख अनुभव श्रीवास्तव द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री के तहत प्रगति को बढाने और इस कार्य के प्रचार-प्रसार हेतु केंद्र सरकार ने सभी कृषि भूधारी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की फार्मर आईडी तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

इसके अंतर्गत कृषि भूधारी केन्द्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, संसद सदस्य, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य आदि की फॉर्मर आईडी तैयार की जाना है। ऐसा करते समय जनप्रतिनिधियों को इस कार्यक्रम के महत्व और लाभ के संबंध में अवगत भी कराया जाना है। सभी भूधारी कृषकों की फार्मर आईडी जनरेट करने की कार्यवाही जून माह तक पूर्ण करना आवश्यक है।

### 70 प्रतिशत काम नहीं तो कार्रवाई होगी

शासन द्वारा निर्देश मिलने के बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने 70 प्रतिशत से कम फार्मर रजिस्ट्री का टारगेट पूरे करने वाले पटवारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी करने की तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 70 प्रतिशत का टारगेट पूरा कर लिया है, लेकिन अब भी कई क्षेत्रों में फार्मर रजिस्ट्री बनाने में पटवारी की लापरवाही सामने आ रही है। एड़ी-चोटी का जोर लगाकर सभी किसानों की आईडी बनाना अनिवार्य किया गया है।

ऐसे में जिन पटवारियों ने 70 प्रतिशत से कम काम किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभागीय जांच तक कि कार्रवाई की जा सकती है।

## महाअष्टमी पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन



इंदौर। रामटेकरी सुपर कॉरिडोर स्थित सिद्ध प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर आश्रम पर महाअष्टमी पर्व पर गौ सेवक महिला मंडल द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। गुरुदेव साकेतवासी महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास जी के कृपापात्र शिष्य महंत रघुनाथदास के सान्निध्य में संपन्न इस आयोजन में मां काली का विशेष अभिषेक, हवन तथा सौभाग्यवती कन्याओं का पूजन विधिविधान से किया गया।

विशेष बात यह रही कि हवन एवं अभिषेक में विभिन्न प्रकार के फलों और औषधीय वनस्पतियों का उपयोग किया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। पंचमुखी हनुमान जी एवं मां काली के समक्ष भक्ति भाव से समर्पित यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था और शांति का अनुभव बना।

मुख्य यजमान के रूप में प्रीति शर्मा ने धार्मिक विधियों में भाग लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पूजन व महाप्रसादी का लाभ प्राप्त किया।

## कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा शुरू



इन्दौर। गोराकुंड स्थित मदनमोहन मंदिर पर आयोजित सात दिनी श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत पर मगंल कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान कृष्ण की महिमा पर आधारित भजन गाते शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि भागवत कथा में कथावाचक अनुराग मुखिया भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करेंगे।

## समाजसेवी दीपिका गोयल विधानसभा 3 के अटल बिहारी वाजपेई मंडल की उपाध्यक्ष मनोनित



इन्दौर। अग्रवाल समाज की समाजसेवी एवं संस्था अग्रमंच की संस्थापक श्रीमती दीपिका गोयल, एवं संदीप गोयल (ऑटो) को विधायक गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं अटल बिहारी वाजपेई मंडल अध्यक्ष रितेश विंराग द्वारा मंडल की उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है ।

श्रीमती दीपिका गोयल एवं संदीप गोयल (ऑटो) की नियुक्ति पर शहर के वरिष्ठ समाजसेवीगण विष्णु बिंदल, राजेश बंसल, प्रवेश अग्रवाल, महेश मित्तल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, दीपेंद्र सिंह सोलंकी, बंटी गोयल, नितेश अग्रवाल, सचिन बंसल, अरुण बागड़ी, प्रदीप गढ़वाल, नंदकिशोर कंदोई, आशीष गोयल (फ़िल्म), बबलू मित्तल, रानू नैत्रम सहित अनेक लोगों एवं संस्थाओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की गई।

## समिति में संत कबीर पर गोष्ठी

इंदौर। श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति द्वारा कालजयी रचनाकार स्मरण की श्रृंखला में इस बार संत कबीर के साहित्यिक कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा होगी एवं उनके चित्र का अनावरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम मंगलवार 6 मई, 2025 को सायं 6:00 बजे समिति के सभागार में होगा।

# समाज की शासन-प्रशासन में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जाति गणना फार्म में कोली कोरी अवश्य लिखें

इन्दौर । कोली/कोरी समाज के विभिन्न समूहों की अतिआवश्यक बैठक कोरी/कोली समाज महापंचायत के अध्यक्ष दिनेश वर्मा की अध्यक्षता में मित्र नगर, बड़ी ग्वाल टोली में सम्पन्न हुई जिसमें पारिवारिक विवादों के निदान हेतु 5 प्रकरणों पर विचार–मंथन के साथ समझाईश के माध्यम से समझोता कराने का प्रयास किया गया। इनमें दो प्रकरणों में आपसी समन्वय स्थापित करने हेतु एक माह का समय दिया गया।

जबकि तीन प्रकरणों में एक पक्ष के उपस्थित नहीं होने पर अगली महापंचायत में प्रकरण का निराकरण करानें का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्स किया गया, जिसमें जाति गणना, वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा दशहरा मैदान ग्राउंड के कार्नर पर लगाने के साथ ही अन्नपूर्णा रोड़ स्थित दरगाह चौराहे का नामकरण करने की मांग के सम्बंध में विचार विमर्स किया गया।



उक्त जानकारी देते हुए महापंचायत के लेखापाल ओमप्रकाश धीमान एवं महेश वर्मा ने बताया कि कोरी/कोली समाज महापंचायत की महत्वपूर्ण बैठक में महापंचायत के संरक्षक कैलाष चन्द्र चौधरी ने कहा कि छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में पति-पत्नि या बाप-बेटे और भाई-भाईयों में विवाद होते हैं, इनमें कई मामले थाने और कोर्ट कचहरी तक पहुंच जाते है। लेकिन न्यायालीन प्रक्रिया के चलते मामले लम्बित हो जाते हैं और हमें तारीख पर तारीख मिलने के कारण न केवल परेशान होना पड़ता है, बल्कि कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने में पैसा भी बर्बाद होता है, ऐसे में न्याय पालिका ने सामाजिक स्तर पर मध्यस्थता केन्द्रों की स्थापना कर समाज के प्रतिनिधियों को प्रषिक्षण दिया है। इसी आधार पर हम पारिवारिक विवादों को निराकरण आपसी समन्वय और सामन्जसता के साथ करने का प्रयास करते हैं। अभी तक हम 80 से अधिक प्रकरणों में समझोता करा चुके हैं, जो विभिन्न समाजों की तुलना में सर्वाधिक है। इस अवसर पर कोरी/कोली समाज महापंचायत के अध्यक्ष दिनेश वर्मा, आदर्श स्नेह वस्त्रकार कोरी समाज के अध्यक्ष अशोक वर्मा, शाक्यवार कोरी समाज के अध्यक्ष देवीशंकर कोटिया, कोरी धीमान 11 पंच कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश धीमान, महावर कोली समाज के प्रहलाद टाटवाल, कबीरपंथी रमेश चिरगैया, एडव्होकेट संजय वर्मा, मोरध्वज वर्मा, रत्नेश वर्मा आदि मौजूद थे।

# डिवाइन एंजल समर कैंप का शुभारम्भ

इंदौर। ब्रह्माकुमारीज के कालानी नगर सेवाकेंद्र पर सात दिवसीय डिवाइन एंजल समर कैंप का शुभारम्भ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कालानी नगर सेवाकेंद्र पर बच्चो के चारित्रिक और नैतिक विकास के उद्देश्य को लेकर 7 दिवसीय समर कैंप का आयोजन 5 मई से 11 मई तक किया जा रहा है, जिसमें 5 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों भाग ले रहे है।



इस समर कैंप का शुभारंभ एनी बेसेंट कॉलेज प्राचार्य डॉ. विमल शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर वैभव गुप्ता, सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी तथा ब्रह्माकुमारी सुजाता दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस सात दिवसीय समर कैंप में अलग अलग विषयों जैसे गुड हैबिट्स, शार्पनिंग माइंड पावर, सीक्रेट्स ऑफ़ सक्सेस, फ्रेंडशिप विथ गॉड, हेल्थी लाइफ हैप्पी लाइफ आदि विषयो पर अनुभवी वक्ताओं द्वारा सत्र लिए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताएं जैसे लेमन रेस, चेयर रेस, रस्सी कूद, वन मिनट चैलेंज, क्विज कम्पटीशन, रखी गयी है।

साथ ही बच्चो को अनेक प्रकार के स्किल्स जैसे पेंटिंग, डांसिंग, फिसिकल योगा, मैडिटेशन, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, पोएम राइटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट, प्लांटेशन आदि भी सिखाये जाएंगे।

### महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन

इन्दौर। सर्व राजपूत समाज की एक विशेष बैठक मोदी परिसर नसिया रोड पर अभा क्षत्रिय महासभा इंदौर द्वारा आयोजित की गई। जिसमें शामिल सभी समाज के प्रतिनिधियों ने एकमत से महाराणा प्रताप जयंती मनाने का निर्णय ले उसकी रूपरेखा तैयार की जिसके अनुसार 29 मई को बड़ा गणपति चौराहा से राजवाड़ा तक शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर उद्योगपति सुरेश सिंह भदौरिया, महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय सिंह परिहार, मोहन सेंगर, दुले सिंह राठौर ने नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा को सम्मानित किया। बैठक में दीपेंद्र सिंह सोलंकी, गोविंद सिंह परिहार, आशुतोष सिंह शेखावत, तुलसीराम रघुवंशी आदि समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## सकोरे वितरण कार्यक्रम आयोजित



इंदौर। छोटे-छोटे परिंदे उड़ते हैं नभ के पार, धूप में झुलसते है खोजे जल हर बार....छत पर रख सकोरे भर दो निर्मल पानी, इन्हीं कर्मों में बसती है सच्चे इंसान की कहानी.. इसी उद्देश्य को लेकर मानव अधिकार परिषद इंदौर प्रदेश अध्यक्ष व सकोरे वितरण कार्यक्रम के संरक्षक सलीम शेख के मार्गदर्शन में तथा पूनम खंडेलवाल के नेतृत्व में मानव अधिकार की टीम द्वारा विजय नगर चौराहा कालका माता मंदिर के पास सकोरा वितरण का कार्यक्रम किया गया।

सकोरा वितरण का अपना एक बड़ा महत्व है, यह पक्षियों को गर्मी के मौसम में दाना-पानी और अनाज उपलब्ध कराता है, जिससे उनकी जान बचती है और उन्हें प्यास से राहत मिलती है, यह सामाजिक कार्य है जो पक्षियों के प्रति प्रेम और सहानुभूति को बढ़ावा देता है, हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी निःशुल्क साकोरा बाटने का आयोजन किया, आम जनमानस ने इस अनूठी पहल के लिए धन्यवाद दिया, कार्यक्रम में सहयोगी सदस्य तोशू शेख, ब्रजेश पारोचे, कांति पुनेगर , सीमा ओझा, अनुपम श्रीवास्तव, एड.राजेंद्र नाहर, संदीप शर्मा संतोष पुजारी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

## दशहरा मैदान पर रोजगार मेला 11 मई को



इंदौर। कुशल, अकुशल, शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन 11 मई रविवार को प्रातः 10 बजे से दशहरा मैदान पर किया जायेगा। जिसमें 10 हजार से अधिक युवाओं के सम्मिलित होने तथा रोजगार देने हेतु 100 से अधिक कम्पनियों के शामिल होना संभावित हैं।

**10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देने 100 से अधिक कंपनियां होगी शामिल**

मेले में आई.टी., रिटेल, ई-कामर्स, बी.पी.ओ. कंसलटेन्सी, फार्मा, फिनटेक, सेल्स, मार्केटिंग, अकाउंटिंग, रियल स्टेट, फायनेन्स आदि कम्पनियां रहेगी। रोजगार मेले में पंजीयन हेतु युवाओं को गुगल फार्म या क्यूंआर कोर्ड से पंजीयन कराना होगा जो निःशुल्क रहेगा। युवाओं को अपने साथ अपने साथ बायोडाटा, फोटो, पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यरता प्रमाण-पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। रोजगार आयुक्त, नगर पालिक निगम, इन्दौर के निर्देशन में उक्त मेला स्थल पर की जाने वाली व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं। कलेक्टर आशीष सिंह ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किये है।

## संगठन द्वारा नशा मुक्त हो भारत अभियान का अनूठा प्रयास

इंदौर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया सर के मार्गदर्शन में नशा मुक्त हो भारत अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के अंतर्गत लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया।



अभियान की विशेषता यह रही कि इसमें आमजन को सरल भाषा में समझाया गया कि ÷नशा नाश की जड़ है÷ और इससे कैसे बचा जा सकता है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएसपी प्रीति तिवारी, नारकोटिक्स विंग इंदौर टीआई राधा जामोद, निरीक्षक ज्योत्सना यादव, आरक्षक रजनीश पांडे समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन पाटनीपुरा स्थित स्टाफ क्वार्टर्स के गार्डन में किया गया। संगठन की मुख्य कार्यालय प्रभारी रिया जैन ने बताया कि यह जागरूकता अभियान विशेष रूप से युवाओं और आम नागरिकों को नशे से दूर रखने के लिए चलाया जा रहा है। डीएसपी प्रीति तिवारी और उनकी टीम ने उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी दी और नशे से बचने के उपाय भी बताए। साथ ही किसी भी प्रकार की नसे संबंधित समस्या के लिए 1933 नंबर से भी अवगत कराया। यह पहल समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर संगठन से पूर्व जॉन उपाध्यक्ष रीना पुरोहित, पश्चिमी जोन उपाध्यक्ष विक्रांत ओबेरॉय, सदस्य जितेंद्र तोमर, अनुराग शर्मा, चंपालाल परिहार, विनीत सोमानी, आदि उपस्थित रहे।

## गौरव सोनी बने राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष



इंदौर! राष्टीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष पद पर गौरव सोनी (शाजापुर) की ताजपोशी की गई है। ज्ञात हो कि राष्टीय राज्य कर्मचारी महासंघ का 10वां अखिल भारतीय अधिवेशन राजस्थान के बूंदी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि रहे। साथ ही राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, पूर्व विधायक अशोक डोंगरा, शिक्षामंत्री मदन दिलावर, भारतीय मजदूर संघ के राष्टीय पदाधिकारी एम.पी. सिंह और श्रीमती नीता चौबे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

गौरव सोनी के राष्टीय अध्यक्ष बनने पर राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, प्रदेश संयोजक शिववीर सिंह भदौरिया, पुरानी पेंशन बहाली संघ इंदौर के जिलाध्यक्ष एवं शासकीय शिक्षक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश परमार आदि ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

## राहगीर की नहीं, ट्राले चालक की हुई थी मौत

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** तीन दिन पहले कनाड़िया थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे में अज्ञात व्यक्ति की नहीं, बल्कि ट्राले के चालक की मौत हुई थी। सोमवार को उसके शव की पहचान परिजनों ने की। इसके पहले यह कहा जा रहा था कि हादसे में बाइक सवार राहगीर की मौत हुई थी, क्योंकि वह ट्राले के नजदीक से गुजरा था। इसके बाद कहीं भी कैमरे में दिखाई नहीं दिया। रविवार को पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले थे, उसमें भी कुछ नजर नहीं आया था। पुलिस के अनुसार, 3 मई को शाम 7.15 बजे के आसपास यूनो पार्क के सामने नेशनल हाईव पर ट्राला क्रमांक एन.एल.01 एएफ-5274 एवं कार क्रमांक एमपी-09-एसजे-0999 का एक्सीडेंट हो गया था। इस हादसे में अज्ञात युवक और कार में सवार महू निवासी महिला शीतल पति विजय अग्रवाल की मौत हो गई थी। महिला के बेटे संस्करा और आस्था को भी चोट आई थी। अग्रवाल परिवार खरीदी कर लौट रहा था। इसके अलावा एक्सीडेंट में अज्ञात मृतक की लाश भी क्षत विक्षित अवस्था में मिली थी। मशक्कत के बाद मृतक की पहचान आसिफ पिता फतेह मोहम्मद उर्फ फत्ती निवासी ग्राम पापडा तहसील पहाडी थाना जिला भरतपुर राजस्थान के रूप में हुई थी। आसिफ ट्राले का चालक था। ट्राले में रिलायंस कम्पनी का प्लास्टिक दाना भरा था, जो गुजरात से गुवाहटी जा रहा था। तभी ट्राला अनियंत्रित होकर 8 फीट लंबे डिवाइडर को पार कर पलटी खा गया था। पलटी खाने से हादसा हुआ था।

# अनुसूचित जाति के युवाओं को रोजगार के लिये दिया जायेगा 10 हजार से 50 लाख तक का लोन

इंदौर। राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति के युवाओं को उद्योग, व्यवसाय तथा सेवा ईकाई स्थापना के लिये 10 हजार रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक का लोन दिया जायेगा।

जिले में इस वर्ष इन योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त हो गए हैं। जिले में इस वर्ष तीन विभिन्न योजनाओं में 362 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य शासन के मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिये संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना तथा सावित्री बाई फूले स्व. सहायता समूह योजना क्रियान्वित की जा रही है। जिले में इस वर्ष संत रविदास स्वरोजगार योजना में 100 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।



योजना में एक लाख रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक उद्योग परियोजनाओं के लिये एवं एक लाख रुपये से लेकर 25 लाख रुपये तक का लोन, सेवा ईकाई एवं खुदरा व्यवसाय हेतु प्रदान किया जायेगा। योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही की उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक नहीं होना चाहिये। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान वितरित/शेष ऋण पर 5 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर देय होगा। इसी तरह डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 240 युवाओं को लाभान्वित करना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना में पात्र हितग्राही को 10 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की राशि सेवा ईकाई एवं खुदरा व्यवसाय हेतु प्रदान की जायेगी। योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही की उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच होना चाहिये। हितग्राही आयकर दाता नहीं होना चाहिये। योजना में वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान वितरित/शेष ऋण पर 7 प्रतिशत की दर से अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर देय होगा।

उक्त दोनों योजनाओं के लिए इच्छुक आवेदक जिले के किसी भी एम.पी. ऑनलाईन सेंटर पर जाकर व े ब स ा इ ट https://samst.mponline.gov.in में आवेदन कर सकते है। आवेदक को आवेदन करने के पश्चात जिला अंत्यावसायी कार्यालय इंदौर में रूम नं. 205 कलेक्टोरेट कार्यालय इंदौर में आवेदन की प्रति के साथ सम्पर्क करना होगा। इसी प्रकार सावित्री बाई फूले स्व. सहायता समूह योजना अन्तर्गत जिले को 22 महिलाओं को लाभ दिया जायेगा।

योजना हेतु पात्र महिला हितग्राही को 20 हजार रुपये से एक लाख रुपये तक की राशि उद्योग, सेवा ईकाई एवं खुदरा व्यवसाय के लिये दी जायेगी। अनुदान राशि प्रति महिला 10 हजार रुपये देय होगी। इस योजना के लिए ऋण आवेदन पत्र जिला अंत्यावसायी कार्यालय इंदौर में रूम नं. 205 कलेक्टोरेट कार्यालय इंदौर से प्राप्त कर ऑफलाईन स्वीकार किये जायेंगे।

## इंदौर प्लाईवुड एसोसिएशन चुनाव संपन्न फेयर टीम के सभी सदस्य भारी मतों से विजयी



**इंदौर प्लाईवुड एसोसिएशन चुनाव बड़ी ही शांति पूर्वक संपन्न हुए अध्यक्ष पद पर महेन्द्र जैन ने अपने प्रतिद्वंदी से बड़ी जीत प्राप्त की जबकि उपाध्यक्ष पद पर पंकज महेश्वरी ने जीत हासिल की। वही सचिव पद पर वीरेंद्र पटेल ने जीत हासिल की,इसी क्रम में पंकज कंसल ने सर्वाधिक मत प्राप्त किए, इस चुनाव में नई कार्यकारिणी के 18 में से 17 सदस्य फेयर पैनल के जीते हैं।**

पंकज कंसल ने बताया की हमारी पेनल में दो लोग मार्गदर्शक है जो की भूतपूर्व अध्यक्ष है मधुकर श्रॉफ रजनीकांत पटेल हमारी पेनल व्यापार बढ़ोतरी को लेकर संपूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए कार्य करेगी पैनल में उपस्थित सभी सदस्यों के सुख दुख का भी ध्यान रखा जाएगा किसी भी सदस्य को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

FAIR पैनल के सामने विकास पैनल समर्थित नई उमंग नई पहल के उम्मीदवार थे। उन्हें अच्छे मत मिले लेकिन एक भी उम्मीदवार नहीं जीता। उलट फेर करते हुए निर्दलीय आलोक जी खेमका कार्यकारिणी के लिए चुने गए। दो साल के पूरे कार्यकाल का अनुमानित कैलेंडर एवं लक्ष्यों की जानकारी देते हुए चुनाव लड़ा गया। सदस्यों ने एकतरफा निर्णायक जनादेश फेयर पैनल के पक्ष में दिया है।

## मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) के प्रभारी बने राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल



इंदौर। अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर यह नियुक्ति की गई है। पिछले दिनों अपना दल (एस) ने लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में अपनी जिला स्तरीय मासिक संगठन समीक्षा बैठक का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व यूपी कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मध्य प्रदेश का प्रभार आर बी सिंह को सौंपे जाने की घोषणा की। इस नियुक्ति पर आर बी सिंह पटेल ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि ÷पूर्ण निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।÷

## सरकार सख्ती के बाद पराली जलाने की घटनाएं होने लगी कम

इंदौर। बीते कई सालों की तरह, पराली (नरवाई) जलाने की घटनाओं ने मध्य प्रदेश से लेकर केंद्र तक हड़कंप मचा दिया था। बिगड़ती स्थिति के बीच, प्रदेश सरकार ने उच्च स्तरीय बैठक कर 24 अप्रैल को पराली जलाने के खिलाफ कड़े निर्णय लिए थे। पराली जलाने पर किसानों को पीएम सम्मान निधि के प्रदेश के हिस्से से वंचित करने और अगले साल गेहूं की खरीद से बाहर करने का फैसला लिया था। 24 अप्रैल को प्रदेश में पराली के 2135 मामले सामने आए थे, जबकि अगले 9 दिनों में, यानी 3 मई तक, ये 88 प्रतिशत घटकर 259 रह गए। केंद्र द्वारा की जाने वाली सैटेलाइट मैपिंग में, मध्य प्रदेश 1 अप्रैल के बाद से ही सभी प्रदेशों के बीच सबसे अधिक पराली जलाकर पहले नंबर पर रहा है। बीते साल खरीफ में प्रदेश में 31 मई तक पराली जलाने के 18833 मामले सामने आए थे। ये मामले इस साल 23 अप्रैल तक ही लगभग 23 हजार तक पहुंच गए थे। 24 अप्रैल को राजस्व विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री के सामने इसके आंकड़े रखे गए। इसके बाद प्रवृत्ति को रोकने के लिए कुछ कड़े कदम उठाए गए। 24 अप्रैल को पराली जलाने के 2135 मामले 25 अप्रैल को घटकर 1930 हो गए और 26 अप्रैल को आधे होकर 892 हो गए। इसके बाद लगातार पराली जलना कम हुई और 3 मई को महज 259 मामले आए हैं, के प्रदेश में अब तक 30655 मामले आ चुके हैं।

## दस्तावेज से पकड़ा परीक्षा में मुन्ना भाई

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** फर्स्ट बटालियन में आरक्षक की परीक्षा में मुन्ना भाई बैठा था। वह लिखित, मौखिक परीक्षा में पास हो गया था। फिजीकल में भी उसे योग्य माना था, लेकिन जब पुलिस ने दस्तावेज चेक किए तो उनके होश उड़ गए। दस्तावेजों में अंतर मिला, इसके बाद दोनों पर केस दर्ज कर लिया है। मामला सदर बाजार थाने का है। परीक्षा दो साल पहले हुई थी। फरियादी बटालियन के इंस्पेक्टर मनोज खेडूलकर ने प्रीतम सिंह पिता धारू सिंह भील निवासी ग्राम तुकड़ावद तहसील मधुसूदनगढ़, पोस्ट राधौगढ़, जिला गुना और उसके साथी बिजराज के खिलाफ केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर ने जांच के बाद पुलिस को आवेदन दिया था, जिसमें उन्होंने बताया कि 2023 में जीडी और रेडियो चयन को लेकर परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें लिखित परीक्षा में प्रीतम के बदले बैठकर बिजराज ने एग्जाम दी। बाद में शारीरिक परीक्षा प्रीतम ने पास करके नौकरी पा ली। मामले में शिकायत होने पर 6 महीने बाद तीन सदस्यीय समिति गठित हुई थी, जिन्होंने पूर्व में डॉक्यूमेंट को लेकर जांच की। जांच में प्रीतम द्वारा इस तरह से फजीर्वाड़ा करना पाया गया, जिसमें प्रीतमसिंह ने आधार कार्ड में परीक्षा के पहले तीन बाद उसे अपग्रेड करवाया। इस दौरान फोटो में भी भिन्नता पाई गई। इसके बाद जब फिटनेस एग्जाम हुई तो प्रीतम ने फिर से आधार कार्ड में करेक्शन करवाकर अपना फोटो लगवाया।

### दृढ़ आत्म विश्वास और सतत प्रयासों से विकसित करें अपना व्यक्तित्व

# समाज सेवा प्रकोष्ठ के आयोजन में बच्चों को विविध प्रशिक्षण





इंदौर। जीवन में सफलता के लिए अपने आत्मविश्वास को दृढ़ बनाएँ, छोटे-छोटे संकल्पों को लेकर आगे बढ़ें और प्रयासों की निरंतरता को कभी न छोड़ें। समाज सेवा प्रकोष्ठ द्वारा तंग बस्तियों के बच्चों के लिए आयोजित 130 वें व्यक्तित्व विकास शिविर में सफलता के सूत्रों के साथ-साथ बच्चों ने संगीत, योग,चित्रकला, पर्यावरण संरक्षण आदि पर भी विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त किया। कोठारी कॉलेज परिसर में आयोजित इस शिविर में चौहान नगर,शांति नगर मूसाखेड़ी,दुर्गा नगर, पीपल्या हाना,हाट बाजार,ब्रजेश्वरी, स्कीम 140, पालदाआदि क्षेत्रों के 150 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

सुप्रसिद्ध गायिका सुश्री वर्षा झालानी ने सुर - ताल और संगीत के प्रारंभिक ज्ञान के उपरांत समूह गीतों, भजन तथा आगामी मदर्स डे के परिप्रेक्ष्य में सुमधुर गीत %तू कितनी अच्छी है% की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। योगाचार्य बाला चैतन्य एवं आरती द्विवेदी ने योगासनों का प्रशिक्षण एवं विश्व हास्य दिवस के उपलक्ष्य में कई तरह के हास्य आसनों का रोचक अभ्यास कराया।सुश्री स्वाति द्रविड़ ने चित्रकला प्रशिक्षण दिया। आपके मार्गदर्शन में एक चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।पर्यावरणविद कुमार सिद्धार्थ ने पर्यावरण संरक्षण पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला संचालित की।

शिविर की पूर्व छात्रा,युवा पत्रकार निधि जोशी ने सफलता के लिए सतत प्रयास करने और आत्म विश्वास मजबूत बनाने और असफलता से निराश न होने की सीख दी ।उन्हें समाज सेवा प्रकोष्ठ द्वारा सम्मानित भी किया गया।

श्री श्री रविशंकर विद्यालय की प्राचार्या कंचन तारे ने स्वस्थ तन-मन,अनुशासन, संस्कार एवं व्यक्तित्व विकास के सूत्र सिखाये।

मुख्य अतिथि समाज सेवी राजेन्द्र गोयल ने सफलता के लिए सदैव खुश रहने का स्वभाव विकसित करने का गुरुमंत्र दिया। अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने अपना कार्य समय पर एवं लगन से करने की आदत डालने की शिक्षा दी। अतिथियों द्वारा प्रतिभागी बच्चों को पुरुस्कार , प्रमाण पत्र एवं शिक्षाप्रद बाल साहित्य दिया गया। संचालन श श्याम पांडे एवं आभार प्रदर्शन शिविर संयोजक प्रकाश गुप्ता ने किया। समाज सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक खरे, सचिव सुबोध भोरास्कर, पुष्पा महाडिक, अशोक कापड़नीस , बलराम जाटव, अर्चना डाबी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर डॉ पी डी गुप्ता, अर्चना बाजपेयी, आरती जायसवाल, प्रणिता दीक्षित, डा. घनश्याम ठाकुर, फारुक दाजी भी उपस्थित थे।अंत में श्री प्रकाश रावत ने हम होंगे कामयाब गीत के साथ शिविर का समापन किया।




इंदौर - बीती शाम तेज आंधी के बाद शहर में कई जगह होर्डिंग गिर गए। छाया संदीप धांडे

## कार्ल मार्क्स का जन्म दिवस मनाया गया



इंदौर महान दार्शनिक, साम्यवादी चिंतक, कार्ल मार्क्स का जन्म दिवस भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय शहीद भवन इंदौर पर मनाया गया इस अवसर पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड रुद्रपाल यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड अरूण चौहान, प्रगतिशील लेखक संघ के विवेक मेहता, विजय दलाल, एटक अध्यक्ष कामरेड सोहनलाल शिंदे, सत्यनारायण वर्मा, भारत सिंह ठाकुर, रमेश झाला, अजय कुमार बागी, मधु सीटू के सचिव कामरेड सी एल सर्राव त, भागीरथ कच्छवाह, सामाजिक कार्यकर्ता फादर पायस, मोहम्मद शफी शेख, भारतीय जन नाट्य संघ के नितिन,एवं विवेक सिंह ने कार्ल मार्क्स द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर चर्चा की।

## कार्यशाला के दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकरहरि शंकर दास जी महाराज गुरु महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज को महंताई संपन्न करवाई गई



**इंदौर। बगलामुखी जयंती के पावन पर्व पर, श्री पंचमुखी हनुमान टेकरी, सुपर कॉरिडोर पर स्थित श्री बगलामुखी तीर्थ धाम पर, जिसे साकेत वास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर लक्ष्मण दास जी महाराज की प्रेरणा व आज्ञा से आशीर्वाद पाकर बनाकर विकसित किया गया।**

यहां श्री हरि शंकर दास महाराज पिता उमा शंकर स्वामी गुरु श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामगोपाल दास जी महाराज राम मंदिर, पंचकुइयां आश्रम पीठाधीश्वर, इन्दौर की उपस्थिति व इंदौर विरक्त मंडल एवं श्री रेवा विरक्त मंडल इंदौर (श्री रामानंदी ,श्री वैष्णव संप्रदाय) के समक्ष एवं महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास जी महाराज की सहमति से श्री बगलामुखी तीर्थ धाम इंदौर पर महंताई हरि शंकर दास जी को की गई है।

हम इंदौर विरक्त मंडल एवं श्री रेवा विरक्त मंडल इंदौर (श्री रामानंदी श्री वैष्णव संप्रदाय ) एवं बगलामुखी तीर्थ धाम के समस्त सेवक गणों द्वारा नियुक्त हरि शंकर दास जी महाराज गुरु महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज, को महंताई की मान्यता व चादर विधि, पूर्ण विधि विधान से संपन्न करवाई गई है।

चादर विधि में उपस्थित महंत, श्री महंत एवं गणमान्य संतों के सानिध्य में महंताई पूर्ण होकर इस ÷महंताई नामे÷ पर हस्ताक्षर करवाए गए हैं। व आज से हरिशंकर दास महाराज ,महंत हरि शंकर दास जी महाराज के रूप में संत समाज में एवं बगलामुखी धाम सुपर कॉरिडोर पर आराधना अर्चन एवं सेवा कार्य करेंगे व महंत की पदवी से जाने जाएंगे। यहां श्री हरिशंकर दास जी महाराज द्वारा नित्य निरंतर इस धाम पर गौ सेवा, अतिथि सेवा, संत सेवा एवं समय-समय पर उत्सव, महोत्सव सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी रहेगी।

श्री हरिशंकर दास जी महाराज के बाद उक्त स्थान श्री रामानंदी वैष्णव संप्रदाय का रहेगा एवं हरिशंकर दास जी महाराज द्वारा किसी भी प्रकार का गलत आचरण किए जाने पर जिससे संत समाज की छवि को क्षति पहुंचे ऐसे कृत्य पर उन्हें हटाने का पूर्ण अधिकार महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास जी महाराज विरक्त मंडल ,रेवा मंडल को रहेगा।

## अस्थमा की बीमारी अभी भी बहुत सारी गलतफ़हमी की शिकार

**अस्थमा के 10 में से 7 गंभीर मामलों में का पता अभी भी नही चलता है**

इंदौर। ग्लोबल इनिशियेटिव फॉर अस्थमा (जीआईएनए) यानी अस्थमा के लिए वैश्विक पहल की थीम ÷साँस के जरिये उपचार को सब के लिए सुलभ बनाना के साथ चिह्नित, इस साल का विश्व अस्थमा दिवस भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य यात्रा में एक महत्वपूर्ण मौके पर आता है।

इनहेलेशन थेरेपी के महत्व और उपलब्ध उपचार की आवश्यकता पर जोर देते हुए, डॉ. तनय जोशी, चेस्ट फिजीशियन, इंदौर ने कहा अस्थमा प्रबंधन का प्राथमिक लक्ष्य लक्षणों को नियंत्रित करना, बचाव वाली दवा पर निर्भरता कम करना, अस्पताल में भर्ती होने से रोकना और फेफड़ों की कार्यक्षमता को बनाए रखना अंततः जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

इलाज की कमी को दूर करने में जागरूकता की भूमिका को रेखांकित करते हुए, डॉ. ने टिप्पणी की÷ भारत में अस्थमा अभी भी बहुत सारी गलतफ़हमी की शिकार है। इनहेलर के इस्तेमाल से जुड़ी भ्रांतियाँ और इस बीमारी का नाम तक न लेने में हिचक के कारण अक्सर निदान और उपचार में देरी होती है।

इन चुनौतियों का समाधान सिर्फ़ चिकित्सा हस्तक्षेप से कहीं ज़्यादा है - इसके लिए निरंतर जागरूकता, शुरुआती शिक्षा और सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्रों से सामूहिक प्रयास की ज़रूरत है ताकि ऐसा माहौल बनाया जा सके जहाँ अस्थमा को पहचाना जाए, स्वीकार किया जाए और उसका प्रभावी ढंग से इलाज किया जाए।

## समसामयिक राष्ट्र, समाज और रामचरित मानस विषय पर विचार मंथन

**इंदौर। समसामयिक भारतीय समाज, राष्ट्र जिस संक्रमण और द्वंद्व के दौर से गुजर रहा है, उसमें रामचरित मानस के दृष्टांतों की महती भूमिका हो सकती है। समाज में परिवार और महिलाओं की भूमिका, राष्ट्र हित में कठोर या संवेदनशील निर्णय सभी विषयों में द्वंद्व से उबरने में ये दृष्टांत व्यवहारिक मार्गदर्शन देने में सहायक हो सकते हैं।**

इसी विषय पर विचार मंथन का आयोजन समसामयिक अध्ययन केंद्र द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे सत्यनारायण सत्तन, मुख्य अतिथि सूर्यकान्त नागर, वक्ता होंगे राकेश शर्मा और शिवांश शर्मा। केंद्र की मंत्री डॉ. मीनाक्षी स्वामी और प्रचार मंत्री हरेराम बाजपेयी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 8 मई 2025, गुरुवार को सायं साढ़े पांच बजे हिंदी साहित्य समिति के शिवाजी भवन में होगा। कार्यक्रम सभी के लिए खुला है।

# इंदौर के साहित्यकारों को सम्मानित किया

**इंदौर। दिल्ली की संस्था मंजिल ग्रुप साहित्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर सिंह सुधाकर ने 25000 किलोमीटर की साहित्यिक रथ यात्रा की और अपने इंदौर पड़ाव में, इंदौर के साहित्यकारों को सम्मानित किया।**




उन्होंने बताया की मग सम एक ऐसी संस्था है जो साहित्यकारों की रचनाओं के आधार पर ग्रीन कार्ड रेडकार्ड और येलो कार्ड देकर उनके आधार पर रैंकिंग प्रदान करती है।

मंजिल ग्रुप साहित्य मंच इंदौर इकाई की अध्यक्ष डॉक्टर सुधा चौहान ने कार्यक्रम का आयोजन किया और अपने स्वागत भाषण में कहा यमुना की साहित्यिक संस्कृति आज नर्मदा और शिप्रा से मिलकर साहित्य की त्रिवेणी बन गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डॉक्टर सुधा चौहान को संस्था की सफेद टोपी पहनकर संस्था का आजीवन सदस्य घोषित करते हुए उन्हें वर्ष 2019 का सर्वश्रेष्ठ जी, वी का पदाधिकारी घोषित किया। इसके साथ ही उन्हें मगसम साहित्य रथ योद्धा सम्मान का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जाजोदिया को साहित्य रथ यात्रा सम्मान से सम्मानित किया। इसके अलावा आशा जाकड, अंजुल कंसल, चंद्र सायता, कविता चौहान, मीना अग्रवाल, स्वाति सिंह, गजानन भगत केपीएस चौहान, सुनील वर्मा मुसाफिर को भी सम्मानित किया गया।

## श्री लक्ष्मीनारायण बेनवाल जी की सेवानिवृत्ति पर गरिमामय विदाई समारोह सम्पन्न

**इंदौर। द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में 38 वर्षों तक उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाएं देने के उपरांत श्री लक्ष्मीनारायण बेनवाल की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में इंदौर के यशस्वी महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर के लोकप्रिय सांसद श्री शंकर लालवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अशोक अधिकारी, पार्षद एवं नगर निगम के कार्यकारी सदस्य (एम.आई.सी.) श्री नंदकिशोर पहाड़िया, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (डी.आई.जी.) धर्मेन्द्र चौधरी, स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, पूर्व पार्षद गणेश चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार मंगीलाल चौहान, व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राहुल जैन, ट्रैफिक मित्र अभियान के लीडर व युवा नेता ऋषभ बागोरा, थैलेसीमिया पर सक्रियता से कार्य कर रही संस्था इंदौर सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज संकत, पर्यावरण क्षेत्र में सक्रिय गिरनार फाउंडेशन के चेतन मावर, गरीब बस्तियों में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था उन्नत के सचिव अखिलेश नेमा, एडवोकेट अजय चौधरी, यूनियन नेता संदीप महीयर, पत्रकार राहुल लोदवाल, समाजसेवी संगठन स्प्रेडिंग स्माइल्स के पदाधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

अतिथियों ने श्री बेनवाल के 38 वर्षों के सेवा काल को प्रेरणास्पद बताते हुए उनकी निष्ठा, ईमानदारी एवं विनम्रता की सराहना की।

## मालवा उत्सव का आयोजन आगे बढ़ाया




इन्दौर। कल इंदौर में भारी बारिश के कारण लाल बाग में होने वाला मालवा उत्सव का आयोजन अब दो दिन बाद शुरू होगा। अब यह 8 मई से 14 मई तक आयोजित होगा।

## पोस्टकार्ड से घर-घर पहुंचेगा जल संरक्षण का संदेश

**रतलाम।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत म.प्र. जनअभियान परिषद विकासखंड जावरा की नवांकुर संस्था श्रीमती सरोज वेलफेयर सोसायटी द्वारा एक अनूठी पहल की जा रही है। संस्था द्वारा 50 पैसे मूल्य के 500 पोस्टकार्ड लिखकर घर-घर जल संरक्षण का संदेश भेजा जाएगा। जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने बताया कि जल संरक्षण जैसे गंभीर विषय पर जनजागरूकता फैलाने का यह एक सराहनीय प्रयास है। वहीं ब्लॉक समन्वयक श्री युवराजसिंह पंवार ने कहा कि आज के डिजिटल युग में लुप्त हो रहे पोस्टकार्ड के माध्यम से संदेश पहुंचाना एक अनोखी और प्रभावशाली पहल है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कान्हसिंह चौहान ने कहा कि जल ही जीवन है और इस प्रकार की पहल समाज को जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा पोस्टकार्ड का विमोचन भी किया गया। इस अभियान के अंतर्गत संस्था के परामर्शदाता अर्पित शिकारी एवं समिति के सदस्य रमेश धाकड़, युवराज राणावत, मधुसूदन पाटीदार, शुभम शर्मा, नंदनी किरार, तृप्ति चौहान आदि मिलकर 500 पोस्टकार्ड तैयार करेंगे। इन पोस्टकार्ड में जल बचाओ, जीवन बचाओ, पेड़ मत काटो जैसे प्रेरणादायक स्लोगन लिखे जाएंगे जिससे आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कान्हसिंह चौहान ने कहा कि जल ही जीवन है और इस प्रकार की पहल समाज को जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा पोस्टकार्ड का विमोचन भी किया गया।

## बाबा साहब के जीवन पर आर्केस्ट्रा चलाने वाले हेमंत कुमार बौद्ध रतलाम में देंगे प्रस्तुति

**रतलाम।** भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर के जीवन चरित्र पर गायन के माध्यम से प्रस्तुति देने वाले अंतरराष्ट्रीय गायक हेमंत कुमार बौद्ध एवं टीम लखनऊ से रतलाम आकर प्रस्तुति देगी। इस आयोजन के लिए अनुसूचित जाति के साथ समाज के गठबंधन से किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज रतलाम रहेगी। इस आयोजन के सूत्रधार चंद्रशेखर लश्करी एवं शैलेंद्र खरे ने बताया कि आगामी 31 मेंई को यह आयोजन स्थानीय गुलाब चक्र में प्रस्तावित है जिसके लिए 4 मई रविवार को विभिन्न समाजों के पदाधिकारी की एक बैठक गुलाब चक्र में आयोजित की गई। जिसमें सभी ने एकमत से इस आयोजन को आयोजित करने की अनुमति दी। इस आयोजन में रतलाम जिले के विभिन्न जाति समाज धर्म के विशिष्ट लोगों के योगदान पर सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में आगामी बैठक आगामी 10 मई को शाम 6 बजे आयोजित की गई है। इस बैठक में मनोज जाटव, गजेंद्र बेरवाल, लोदवाल, विनोद रमन, रमेश चंद्र गिरी, शिवनारायण बडगोतिया, मनोहरलाल मरमट, रमेश चंद्र मरमट, शांतिलाल गिरी, डॉ राजू पहाडिया, ईश्वर लाल लोदवाल, एम एल नागवत, शैलेंद्र खरे, मोहन सारवान आदि उपस्थित थे।

## रतलाम में रिमझिम बारिश, पिपलौदा में गिरे ओले, मौसम में हुई ठंडक, गर्मी से मिली राहत, तापमान में आई कमी

**रतलाम।** भीषण गर्मी के बीच सोमवार को मौसम बदला। दोपहर बाद आसमान में बादलों ने डेरा डाला। धूप-छांव के बीच बादलों की गड़गड़ाहट के साथ रिमझिम बारिश ने मौसम में ठंडक ला दी। रतलाम समेत जिले में कई स्थानों पर रिमझिम बारिश हुई है। रतलाम, जावरा, पिपलौदा समेत जिले के क्षेत्रों में हुई बारिश के साथ ओले भी गिरे है। बारिश का मौसम अभी भी बना हुआ है। रुक रुक कर रिमझिम तो कही तेज बारिश हो रही है। मौसम आए बदलाव के बाद तापमान में कमी आ गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने के साथ रतलाम में मौसम बदल गया। सुबह से धूल भरी हवाएं चल रही थी। दोपहर बाद बूंदाबांदी के साथ रिमझिम बारिश ने शहर की सड़कों को भिगो दिया। मौसम में बदलाव से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। इस बारिश से फसलों को भी नुकसान हो सकता है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. अरुण शर्मा ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ की वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। सोमवार को कुछ जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। कहीं-कहीं हवा की रफ्तार 50 से 60 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है।

## दो लाख स्क्वेयर फीट में लग रहा विशाल पंडाल : रतलाम साईं बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू, 6 मई को निकलेगी भव्य पालकी यात्रा

**रतलाम।** शास्त्री नगर स्थित श्री सांई बाबा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत हो चुकी है। 7 मई को होने वाले भंडारे को लेकर 2 लाख स्क्वेयर फीट में टेंट लगाया जा रहा है। एक लाख से अधिक श्रद्धालु इस भंडारे में शामिल होंगे।झ्र महोत्सव में शिर्डी के साई मंदिर से साई बाबा की मूल चरण पादुकाएं पहली बार शामिल होगी। चरण पादुका को शहर में निकलने वाली साई पालकी यात्रा में विराजित किया जाएगा। भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर में भी रखी जाएगी। यह पहला मौका है जब शिर्डी साई मंदिर से साई बाबा की मूल चरण पादूकाएं रतलाम लाई जा रही है। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का यह 34वां वर्ष है। श्री सांई सेवा समिति ट्रस्ट शास्त्री नगर द्वारा मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जाता है। महोत्सव को लेकर मंदिर में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सोमवार सुबह श्री साई परायण की शुरूआत हुई। शाम 6 बजे तक साई भक्तों द्वारा साई परायण किया जाएगा। महोत्सव के तहत 6 मई को शहर में साई पालकी यात्रा निकाली जाएगी। 7 मई को साई मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनेगा। सुबह 5.15 बजे काकड़ आरती होगी। सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक महाभिषेक होगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भंडारा होगा। भंडारे को लेकर पूरे मंदिर के आसपास समेत पूरे शास्त्री नगर में टेंट लगाया जा रहा है। प्रसादी लेने आने वाले भक्तों को गर्मी ना लगे इसको लेकर फोगर सिस्टम (पानी की फव्वारे) भी लगाया जाएगा।

## किसान भाई आवश्यकतानुसार उर्वरकों का अग्रिम भण्डारण करें

**रतलाम।** म.प्र. शासन द्वारा 14 फरवरी 2025 से अग्रिम उर्वरक भण्डारण योजना लागू की गई है जो कि 31 मई 2025 तक लागू रहेगी। किसान भाई आवश्यकता अनुसार रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम भण्डारण करें। सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री भीका वास्के द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में यूरिया 9884, डीएपी 1654, पोटाश 1275 तथा काम्पलेक्स 8185 तथा एसएसपी 7991 मैट्रिक टन रासायनिक खाद का जिले में भण्डार है। खरीफ वर्ष 2025 में किसानों को रासायनिक उर्वरकों की अत्यधिक आवश्यकता होगी, अत- किसान भाई खरीफ 2025 हेतु योजना का लाभ लेते हुए अग्रिम भण्डारण करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पडे।





# किसानों ने दो घंटे मंडी गेट बंद रखा, किया विरोध

## रतलाम में 7 ट्रैक्टर से बैटरी चोरी; 32 कैमरे, 20 गार्ड नहीं बचा सके

**रतलाम।**

महू नीमच रोड स्थित कृषि उपज मंडी में उपज लेकर आए किसानों के ट्रैक्टरों से बैटरियां चोरी हो गई। किसानों ने मंडी प्रशासन की अनदेखी व अव्यवस्थाओं के चलते मंडी का मुख्य गेट बंद कर विरोध जताया। करीब दो घंटे तक गेट बंद रहा। पुलिस ने पहुंचकर किसानों को आश्वासन दिया, तब जाकर गेट खोला।

रविवार को मंडी खुलते से ही जल्दी नंबर आने को लेकर किसान रविवार को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में उपज लेकर आए थे। छुट्टी होने के कारण किसान मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी करके चले गए।

सोमवार सुबह किसान आए। अपने ट्रैक्टरों को स्टार्ट किया तो नहीं हुआ। पता चला कि एक ट्रैक्टरों से बैटरियां चोरी हो गई। किसानों ने एक दूसरे से इसके बारे में जानकारी ली तो पता चला कि एक साथ 7 ट्रैक्टरों से की बैटरियां चोरी हो गई। किसानों के गेट बंद करने पर पुलिस भी पहुंची। मंडी सचिव व पुलिस ने चोरों को पकडने का आश्वासन दिया। इसके बाद सभी माने।

मंडी में सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी को लेकर किसान नाराज हो गए। सुबह 11 बजे मंडी का मुख्य गेट बंद कर दिया। दो घंटे तक गेट बंद रहा। इससे मंडी में आने व बाहर जाने वालों वाहनों की लाइन लग गई। दोपहर 1 बजे मंडी का गेट किसानों ने खोला। एक दिन में ही 7 वाहनों की बैटरी चोरी

गांव पलसोड़ी से आए किसान मुकेश ग्वली ने बताया रविवार सुबह ट्रैक्टर मंडी में खड़ा करके गया। सुबह आया तो ट्रैक्टर स्टार्ट नहीं हुआ। देखा तो बैटरी गायब थी। पता किया तो एक साथ लाइन से खड़े 5 से 7 वाहनों की बैटरी गायब थीं।

मंडी में हो रही चोरियों को लेकर किसानों के हित को देखते हुए सभी ने मिलकर मंडी का गेट बंद किया। मंडी सचिव को समस्या बताई है तो वह उल्टे हम पर दबाव बनाने लगे।

जड़वासा के किसान प्रवीण पाटीदार ने बताया रविवार सुबह 8 बजे मंडी में ट्रैक्टर से गेहूं लेकर आया था। ट्रैक्टर-ट्रॉली मंडी में खड़ी करके चला गया। सुबह आया तो ट्रैक्टर स्टार्ट नहीं हुआ। मंडी में गार्ड भी है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### आरोप- गार्ड से दूसरा काम कराया जाता है

किसान नेता राजेश पुरोहित ने कहा मंडी में लगातार चोरिया हो रही है। पिछले 8 दिन पहले भी दो से तीन ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी हुई थी। बीती रात 7 ट्रैक्टरों की बैटरी चोरी हुई है। मंडी प्रशासन के पास 10 गार्ड है ना तो उनके पास कोई ड्रेस कोड है और नाहीं कोई नियम है। अगर किसान मंडी में आएगा तो किसान उसे कैसे पहचानेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि गार्ड से दूसरा काम कराया जाता है, जबकि उसका काम मंडी में सुरक्षा करना है। मंडी प्रशासन को अपनी जवाबदारी समझना चाहिए और किसान की सुरक्षा करना चाहिए।

### इनके ट्रैक्टर से चोरी हुई बैटरी

मुकेश ग्वली पलसोड़ी, धन्नालाल पलसोड़ी, प्रवीण पाटीदार जड़वासाकला, शुभम नामली, दर्शन जैन सातरूंडा आदि किसानों के वाहनों से बैटरी चोरी हुई।

### मंडी में 20 गार्ड, 32 कैमरे

मंडी में सुरक्षा का जिम्मा प्राइवेट एजेंसी के गार्डों के पास है। मंडी में अलग-अलग समय में 8-8 घंटे की शिफ्ट में 20 सुरक्षा गार्ड तैनात रहते है। इसके बावजूद मंडी में वाहनों से बैटरी चोरी होना गार्डों व मंडी प्रशासन की लापरवाही दर्शाता है। मंडी परिसर में 32 सीसीटीवी भी लगे है। लेकिन चोर आसानी से चोरी कर रहे है।

मंडी सचिव एसएम मुनिया ने कहा कि मंडी में हो रही चोरियों को लेकर 8 दिन पूर्व भी एसपी को पत्र लिखा है। सीसीटीवी कैमरे पुलिस द्वारा चैक किए जा रहे है। सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जाता है।

# सैलाना पुलिस की लगातार कार्यवाही, 25 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के साथ मंदसौर निवासी एक आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।**

नशे के कारोबार के खिलाफ रतलाम पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान में लगातार सफलताएं मिल रही है। रविवार को एमडी ड्रग बरामद करने के बाद लगातार मंदसौर निवासी एक आरोपी को 25 किलो अवैध डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना प्रभारी सैलाना निरी. सुरेन्द्र सिंह गडरिया व थाना सैलाना की विशेष टीम द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मोईन पिता नसीम खाँ मेवाती उम्र 20 साल निवासी एलची थाना दलोदा जिला मन्दसौर के कब्जे से 25 किलो डोडाचुरा किमती 50,000/- रुपये जब्त किया गया। डोडाचूरा की तस्करी में प्रयुक्त एक मोटर साईकल स्प्लेण्डर किमती 50,000/- रुपये भी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपी के विरूद्ध थाना सैलाना पर अपराध क्रं. 193/2025 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया हैं। गिरफ्तार आरोपी - मोईन पिता नसीम खाँ मेवाती उम्र 20 साल निवासी एलची थाना दलोदा जिला मन्दसौर।

जप्त मश्रुका - 25 किलो डोडाचुरा किमती 50,000/- रुपये, एक मोटर साईकल स्प्लेण्डर किमती 50,000/- रुपये कुल मशरुका किमती 1,00,000/- रुपये

सराहनीय भूमिका - डोडाचूरा बरामद करने में निरी. सुरेन्द्रसिंह गडरिया थाना प्रभारी पुलिस थाना सैलाना, उनि आनन्द बागवान चौकी प्रभारी धामनोद, सउनि शिवजी यादव ,प्रआर 861 अनिरुद्ध सिंह, प्रआर 482 महेन्द्र सिंह, प्रआर 151 हेमन्त जाट, प्रआर.925 संदीप शेगोकर, प्रआर 795 संदीपसिंह भदोरिया आर 668 मुकेश मेघवाल, आर 727 दिनेश पाटीदार, आर.627 यशपाल धनगर, आर 938 विजय, आर. 752 तुफान भुरिया, आर 659 अर्जुन मकवाना की सराहनीय भूमिका रही।

## सेवा ही धर्म की भावना से हुआ नि:शुल्क दवा वितरण कार्यक्रम



**रतलाम।** महिला मातृ दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को रतलाम स्थित महिला चाइल्ड चिकित्सालय में एक विशेष निन्शुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन जैन सोशल ग्रुप रतलाम एलीट एवं पद्मश्री श्रीमती लीला जोशी की संस्था एक नई पहल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास आयोग का सहयोग प्राप्त हुआ। इस सेवा शिविर के अंतर्गत रतलाम जिले की सभी आंगनवाड़ी के सैकड़ों बच्चों के लिए दवाओं का वितरण किया गया। बच्चों को दो समूहों में विभाजित किया गया–पहला समूह 0 से 3 वर्ष एवं दूसरा 3 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों का था। कार्यक्रम में डॉ. सुलोचना शर्मा, डॉ. राजकुमारी पुरोहित एवं डॉ. रामचंद्र डामोर ने चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कीं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। डॉक्टरों की टीम ने बच्चों के पोषण, रोग-प्रतिरोधक क्षमता और विकास पर विशेष ध्यान देते हुए माता-पिता को जरूरी परामर्श भी दिए। पद्मश्री लीला जोशी ने इस अवसर पर कहा, बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं, और उनका स्वास्थ्य सर्वोपरि है। सेवा ही धर्म' के मूल मंत्र के साथ हमारी संस्था समाज के हर कोने तक मदद पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी उपस्थित थे। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य सेवा की दृष्टि से बल्कि समाज में सकारात्मक चेतना फैलाने के लिए भी एक प्रेरणादायी पहल रहा।

## योग शरीर रुपी ब्रह्माण्ड को शुद्ध करता : प्रेमा राम पुनिया

**रतलाम।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार जिला रतलाम 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर विधायक क्रीड़ा केन्द्र विरियाखेड़ी प्रात- 05.30 से 07.30 हर उम्र वर्ग समाजजन स्वास्थ्य लाभ ले रहें पंचम दिवस युवा भारत प्रांत प्रभारी प्रेमा राम पुनिया के मार्ग दर्शन में संगठन पदाधिकारी योग शिक्षकों की उपस्थिति में दिप प्रज्वलन कर योग सत्र के साथ संगठनात्मक रुपरेखा सेवा प्रकल्पों से अवगत कराया गया। योग मानव को संयम सिखाता संतुलन आचरण में हैं लाता आत्मा और परमात्मा का मिलन हर घड़ी कराता मुख्य अतिथि शिवशक्ति लाल आयुर्वेद कालेज प्राचार्य डॉ. दिलिप नलगे, डॉ. रचना जैन सियाराम आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज भोपाल की उपस्थिति में योगाभ्यास ध्यान मार्ग द्वारा मुलाधार से सहस्त्रार चक्र जागृत कर आत्म शक्तियों का संचार करके शरीर रुपी ब्रह्माण्ड को शुद्ध करने में सहायक हैं विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल मुरलीवाला, खेल विशेषज्ञ अश्विन शर्मा ने निन्शुल्क शिविर का लाभ लेने के लिए समस्त नगरवासियों से आव्हान किया संगठन की केन्द्रीय टीम अहम भूमिका निभा रही हैं।

# जावरा में मेहमान पर कुत्ता लपकने से जमकर हुई मारपीट

**रतलाम।**

जिले के जावरा नगर में आवारा व पालतू कुत्तों को लेकर लोग परेशान हैं। इसे लेकर आए दिन वाद-विवाद हो रहे हैं। शनिवार रात रत्नराज परिसर कॉलोनी में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इसमें 8 लोग घायल हुए।

पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज किया। वहीं कॉलोनी के नागरिकों ने कुत्तों की समस्या को लेकर रविवार देर शाम थाने में अलग से शिकायत की।

सिटी थाने के सब इंस्पेक्टर कमालसिंह बामनिया ने बताया कि शनिवार को रत्नराज परिसर कॉलोनी में सोनी परिवार के यहां मकान का मुहूर्त था। उसमें मंदसौर से आई मेहमान रीना सोनी पर गली में में कुछ कुत्ते लपके तो डर के कारण भागने में रीना गिर गई। इससे उसे चोट आई। रीना व उसके भाई सतीश सोनी निवासी रत्नराज परिसर तथा अन्य रिश्तेदारों ने कुत्तों को भगाया तो वहीं रहने वाले वाले अस्तित्व धारीवाल व उनके परिजन ने विरोध किया। अस्तित्व व परिवार कुत्तों को पालने के साथ ही उनका संरक्षण करते हैं। मौके पर धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। इसे लेकर देर शाम रीना सोनी निवासी मंदसौर की रिपोर्ट पर अस्तित्व धारीवाल, मुस्कान धारीवाल, योगिता धारीवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

इसी रिपोर्ट की बात को लेकर रात 9 से 10 बजे के बीच फिर से दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। लाठी-डंडे चले। इसमें एक पक्ष से सतीश सोनी, राजेश सोनी, मनीष सोनी, संजय सोनी घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से अस्तित्व, मुस्कान, योगिता व मनीष धारीवाल को चोट आई। मामले में देर रात कॉलोनी निवासी फरियादी अंकित जैन की की रिपोर्ट पर अस्तित्व, मुस्कान, योगिता व मनीष धारीवाल के खिलाफ तथा दूसरे पक्ष से फरियादी मुस्कान की रिपोर्ट पर सतीश सोनी, राजेश सोनी, मनीष सोनी, अंकित जैन के खिलाफ मारपीट का क्रॉस केस दर्ज किया है। मामला जांच में है। इस बीच रविवार देर शाम कॉलोनी के सभी लोग इकट्ठा होकर थाने पहुंचे। इन्होंने कहा कि कॉलोनी में आवारा व पालतू कुत्तों से आमजन परेशान है। हमने नपा में शिकायत की लेकिन धारीवाल परिवार कार्रवाई नहीं करने देता। कुत्तों की समस्या से निजात दिलाएं।

# 8 मई को जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन

**रतलाम।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा अहमदाबाद में आयोजित एआईसीसी बैठक के निर्णय अनुसार संविधान बचाओ अभियान को ऐतिहासिक 40 दिवसीय राष्ट्रीय आंदोलन के माध्यम से समर्पित भाव से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है।

ऐसे समय जब भारत के संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामाजिक आर्थिक न्याय के आदर्शों पर मोदी सरकार द्वारा सीधे और सुनियोजित हमले किए जा रहे हैं। कांग्रेस द्वारा निर्णय किया गया इन सब के विरोध स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इसी संदर्भ में सभी जिला मुख्यालयों पर संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है।

जिले में 8 मई को रैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन प्रभारी हरीश चौधरी, मध्य प्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया सम्मिलित होंगे। रैली की तैयारी को लेकर एक



आवश्यक बैठक जिले के पदाधिकारी की शहर कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। जिला संगठन प्रभारी विधायक प्रताप ग्रेवाल ने इस अवसर पर सभी पदाधिकारी गणों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता, आम जनता, युवाओं, महिलाओं और किसान मजदूर एवं वंचित वर्ग के व्यापक जुड़ाव को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक को प्रदेश महासचिव हर्ष विजय गेहलोत, जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, संगठन सह प्रभारी जेवियर मेडा, हरदेव सिंह जाट, निगम नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, ग्रामीण कार्यवाहक अध्यक्ष दिनेश शर्मा, राजेश दवे, युसूफ कडपा, मयंक जाट, प्रदेश सचिव फरजाना खान, रजनीकांत व्यास, श्रीमती वंदना पुरोहित, सैलाना नगर पंचायत अध्यक्ष लकी शुक्ला, जगदीश पाटीदार, कार्यवाहक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह अठाना, उप नेता कमरुद्दीन कछ्वाय, महामंत्री राजीव रावत, ब्लॉक अध्यक्ष सोहेल काजी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अभिषेक शर्मा, सुशील कोचट्टा, थावर भूरिया, किशन सिंगाड, प्रवक्ता सुजीत उपाध्याय, NSI अध्यक्ष राहुल शर्मा, प्रदीप राठौड़, विधि प्रकोष्ठ के योगेश शर्मा, पीयूष बाफना ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या ने किया। कार्यक्रम के अंत में पहलगाम के कायरतापूर्ण हमले में शहीद नागरिकों को 2 मिनट मौन रख श्रद्धांजलि दी गई।



## आई. ए. टी. वी. एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में स्कूली हॉकी लीग का आरम्भ

इंदौर। आई. ए. टी. वी. एजुकेशनल एकेडमी द्वारा स्कूली हॉकी लीग स्पर्धा का आयोजन देवगुराड़िया स्थित खेल मैदान पर आयोजित किया गया। आज का पहला मैच मेजवान आई. ए. टी. वी. एजुकेशनल एकेडमी और हॉकी यूनिट के मध्य खेला गया। मैच के प्रथम क्वार्टर में हॉकी यूनिट की ओर से अंश खान द्वारा मैदानी गोल किया गया 7 सेकंड क्वार्टर में मेजवान टीम की ओर से अखिल द्वारा पेनल्टी कॉर्नर द्वारा मैच को 1-1 की बराबरी पे ला दिया मैच के 3ऋष्ठ क्वार्टर में आई. ए. टी. वी. के दानिश अब्बाशी द्वारा गोल कर इसे 2-1 कर दिया गया 7 मैच के अंतिम क्वार्टर में हॉकी यूनिट टीम के अविनश द्वारा पलटी कार्नर पे गोल कर टीम को बराबरी पर पंहुचा दिया मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। स्पर्धा का दूसरा मैच प्रकाश हॉकी क्लब और अभी फाउंडेशन के बीच खेला गया। जिसमे प्रकाश हॉकी क्लब 4-2 विजयी रहा 7 प्रकाश हॉकी क्लब की ओर से हर्ष यादव, मोहित मेहरा, उदय रैकवार ओर अजय द्वारा गोल किया गया, अभी फाउंडेशन की ओर से अंश धाकड़ ओर शुभ यादव द्वारा गोल किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय गोलकीपर श्रीमीर रंजन नेगी , विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र नेगी, डॉ. सुरेश मालवीय के द्वारा शुभारम्भ हुआ सअतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्या एवं उप प्राचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम श्रीबालकृष्ण रैकवार, दीनानाथ मिश्रा, मदन बघेल, भी उपस्थिति रहें । निर्णायक के रूप में कारण सिंह कपूर, रामराज वर्मा, अविनाश वर्मा एवं विवेक वर्मा ,कोच मंजीत सिंह , दीप कुमार पटेल , अविनश जेम्स, मोहन कनोजिया रहे ।

## विधायक ट्रॉफी 2025 नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 10 मई से



इन्दौर (ई)। तीन इमली बस स्टैंड के पीछे स्थित खेल मैदान पर आगामी 10 मई से 24 मई तक विधायक ट्रॉफी 2025 नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी सम्मिलित होंगे। आयोजक विधायक गोलू शुक्ला, दीपक वर्मा, विनोद खंडेलवाल और आवेश राठौर ने संयुक्त रूप से बताया कि यह टूर्नामेंट विधायक ट्रॉफी का पहला संस्करण होगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख रुपए और उपविजेता को 51 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके साथ ही मैन ऑफ द टूर्नामेंट को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी और हर दिन मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों के लिए भी आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं, जिससे आयोजन में रोमांच और भी बढ़ेगा।

### योग शिविर का आयोजन



इंदौर। ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो वुशु योग शिविर का आयोजन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट में के द्वारा वैदिक बाल निकेतन हाई सेकेंडरी स्कूल संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल द जीनियस स्कूल ब्राइट स्कूल में ताइक्वांडो उस वुशु योग शिविर का आयोजन 5 तारीख से किया जा रहा है वैदिक बाल निकेतन हाई सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश ताइक्वांडो के अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास एवं उपाध्यक्ष यशवंत मेवाड़ अथित्य में संपन्न हुआ उक्त अवसर पर समायरा शर्मा अर्ज खान शौर्य अढादिया विद्या जाटव अंश राजपूत ने ताइक्वांडो का रितिक रितिका जाटव अभिलाषा हिमांशु भोकर हिमांशु जाटव और का बोकरे दिव्यांश शर्मा सिद्धांत बोकरे ने वुशु एवं दीक्षा राजोरिया रिया कुशवाहा जीत राजपूत नैंसी ने योग का राष्ट्रीय कोच विद्या दुबे के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संचालन प्रज्ञा पाल एवं आभार रितु सांवलेढ़ ने माना

### 12 स्थान पर ताइक्वाडो समर कैंप



इंदौर। इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा इंदौर शहर में 12 स्थान पर 1 मई से 3 मई तक चल रहे ताइक्वांडो समर कैंप में सबसे ज्यादा बालिकाएं बढ़-चढ़कर आत्मरक्षा के गुण सीख रही हैं। सचिव विकास सिमरैया ने बताया कि समर कैंप एमआइजी कॉलोनी, पिंक फ्लावर स्कूल, सुकलिया, बंगाली चौराहा, तिलक पथ नारायण बाग, निपानिया, केसरबाग रोड, सिलीकान सिटी, द वर्ल्ड जिम अन्नपूर्णा रोड, गणेश नगर खंडवा रोड, परदेसी पुरा व खजराना इन सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तरीय कोच द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन समर कैंप ऑफ में संगठन के अध्यक्ष परेशान महंत बच्चों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया।

## ऑल इंडिया ओपन मुई थाई कप चैंपियनशिप मैं मध्य प्रदेश ओवर ऑल चैम्पियन



इंदौर। मध्य प्रदेश मुई थाई एसोसिएशन समिति के तत्वावधान में आयोजित की गई इंदौर पब्लिक स्कूल में ऑल इंडिया ओपन मुई थाई कप चैंपियनशिप मैं विभिन्न राज्यों से आई टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमे मध्य प्रदेश ओवर ऑल चैम्पियन रहा जबकि वेस्ट बंगाल दूसरे तथा महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा। उक्त जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश मुई थाई एसोसिएशन समिति के अध्यक्ष आशुतोष दाधीच ने बताया कि इस चैंपियनशिप 250 से अधिक खिलाड़ियों व 30 से अधिक अधिकारी ने यह चैंपियनशिप को संचालित किया। कार्यक्रम समारोह का पुरस्कार वितरण इंदौर पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सुश्री सुधा पांडे, यूएमएई के महासचिव श्री राम चौधरी ने किया।

# बारिश ने बिगाड़ा सनराइजर्स हैदराबाद का खेल

## मुकाबला रद्द : प्लेऑफ की दौड़ से हुई बाहर ; दिल्ली की उम्मीदें बरकरार

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। इसके बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया। अब दिल्ली के खाते में 13 अंक हो गए हैं और वह पांचवें स्थान पर मौजूद है। वहीं, हैदराबाद सात अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गई है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट खोकर 133 रन बनाए थे। हालांकि, बारिश के कारण हैदराबाद की पारी शुरू नहीं हो सकी। इसी के साथ पैट कमिंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जबकि अक्षर पटेल की टीम की उम्मीदें अब भी बरकरार हैं।

### प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली तीसरी टीम बनी हैदराबाद



हैदराबाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली तीसरी टीम है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स बाहर हो चुकी हैं। दोनों टीमें अंक तालिका में क्रमशः नौवें और 10वें पायदान पर मौजूद हैं। हैदराबाद ने अब तक 11 मुकाबले खेले। इनमें उन्हें सिर्फ तीन मैचों में जीत मिली। अब टीम का सामना केकेआर, आरसीबी और लखनऊ से होना है। वहीं, दिल्ली की पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस से टक्कर होगी। अक्षर पटेल की टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए तीनों मुकाबले जीतने होंगे।

**दिल्ली पर भारी पड़े हैदराबाद के गेंदबाज**

इस मुकाबले में हैदराबाद के गेंदबाजों ने दिल्ली के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा था। उनकी शुरुआत झटके के साथ हुई थी। सलामी बल्लेबाज करुण नायर पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। उन्हें पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। वह खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद कमिंस ने अभिषेक पोरेल और फाफ डुप्लेसिस को अपना शिकार बनाया। दोनों बल्लेबाज क्रमशः आठ और तीन रन बनाकर आउट हुए। वहीं, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल सिर्फ 10 रन बना पाए जबकि कप्तान अक्षर पटेल ने छह रन बनाए। दिल्ली के लिए ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा ने सर्वाधिक 41-41 रनों की पारी खेली। इसके अलावा विप्रज निगम 18 रन बनाकर आउट हुए और मिचेल स्टार्क एक रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने तीन विकेट लिए जबकि जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और इशान मलिंगा को एक-एक सफलता मिली। दिल्ली को अब 3 मुकाबले पंजाब, गुजरात और मुंबई के खिलाफ खेलना है। दिल्ली को जीतना मुश्किल करेगा।

# प्राचीन व पारंपरिक स्वदेशी खेल पिट्ठू की नेशनल चैंपियनशिप 07 मई से

इंदौर। पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं मोयरा सरिया द्वारा प्राचीन व पारंपरिक स्वदेशी खेल 卐पिट्ठू卐 की 5वी सीनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप (महिला व पुरूष) एवं दूसरी सब जूनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 07 से 09 मई तक केट-राऊ रोड स्थित सेंट नोर्बेर्ट स्कूल में किया जावेगा ।



मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रेस वार्ता में बताया की प्राचीन एवं पारंपरिक स्वदेशी खेल ÷पिट्ठू÷ भारतीय संस्कृति की धरोहर है, जिसे हजारों वर्षो से खेला जाता रहा है। यह वही खेल है जिसे भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखाओं के साथ आनंदपूर्वक खेला करते थे । हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदीजी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम ÷मन की बात÷ में विशेष रूप से पिट्ठू का उल्लेख किया और इस खेल को पुनः लोकप्रिय बनाने की महती आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदीजी की मंशानुरूप पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया का गठन कर विगत चार वर्षों में ÷पिट्ठू÷ खेल की सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर (बालक व बालिका) आयुवर्ग कि छः राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन इंदौर, भोपाल, वड़ोदरा एवं सूरत में कराया जा चूका है । साथ ही फेडरेशन के सतत प्रयासों और सरकार के सहयोग से, राजस्थान सरकार ने राजस्थान खेल नीति 2024 में तथा मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में पिट्ठू को शामिल किया है । यह न केवल इस खेल के पुनरुत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि देशभर में इसे एक नई पहचान देने का प्रयास भी है । पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया की 24 राज्य इकाइयाँ इस खेल को राष्ट्रीय स्तर पर पुनः लोकप्रिय बनाने के लिए सतत कार्यरत है । इसी क्रम में, दिनांक 07 से 09 मई 2025 तक 5वीं सीनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप एवं दूसरी सब जूनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप का आयोजन देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में किया जा रहा है । उक्त चैंपियनशिप में 22 राज्यों के लगभग 700 खिलाड़ी व अधिकारी भाग लेंगे । इस महत्वपूर्ण आयोजन के अवसर पर फेडरेशन द्वारा एक स्मारिका ÷खेलेंगे हम जीतेगा भारत÷ प्रकाशित की जा रही है । इस स्मारिका में पिट्ठू खेल का ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व, फेडरेशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप संबंधी जानकारी, वर्तमान प्रतिभावान खिलाड़ियों का परिचय, केंद्र एवं राज्य सरकार की खेल एवं खिलाड़ियों हेतु कल्याणकारी योजनाएं, प्रेरणादायक लेख एवं सम्माननीय गणमान्य व्यक्तियों के संदेश सम्मिलित किए जाएंगे । चैंपियनशिप का शुभारंभ मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 07 मई को प्रातः 10 बजे केट-राऊ रोड स्थित सेंट नोर्बेर्ट स्कूल में किया जावेगा ।

### ग्वालियर और भोपाल की टीमें फाइनल में पहुंची

इंदौर। ग्वालियर और भोपाल की टीमों ने अंडर 22 अतंर संभागीय क्रिकेट चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले सेमीफाईनल में भोपाल ने इंदौर को 4 रन से हराया। भोपाल ने पहले खेलते हुए 45 ओवर में 9 विकेट पर 248 रन बनाए। पृथ्वीराज तोमर ने 77, विकास शर्मा ने 39, शिवांश चतुर्वेदी ने 37 रन बनाये। अन्वेष चावला ने 3 विकेट पर 63 रन बनाए जवाब में इंदौर की टीम 244 पर आऊट हो गई। आयम वर्मा ने 64, सोहम पटवर्धन ने 50, अंश बागडिया ने 43 व अभिषेक मंत्री ने 35 रन बनाए। शिवांगी चतुर्वेदी ने 34 रन पर 4 विकेट व तनिष्क यादव ने 45 रन देकर तीन विकेट लिये। दूसरे सेमीफाइनल में 9 विकेट पर 195 रन बनाए। शालीन शिखर ने 68, शुभम कुशवाह ने 38,पार्थ चौधरी ने 31 रन बनाए। अथर्व महाजन व विधान दुबे ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में नर्मदापुरम 174 रन पर आउट हो गई। अखिल निगोते ने 46, आदर्श दुबे ने 36रन बनाए। ऋषि, गिरिराज शर्मा ने 3-3 व अक्षय शर्मा ने 2 विकेट लिये।

# युग, अलमीर, शिवांष प्री- क्वॉटर फइनल में

इंदौर। मध्य प्रदेष टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही आदिनाथ फलेक्सीपैक प्राईवेट लिमिटेड ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए मुख्य दौर के मुकाबलों में मध्यप्रदेष के युग जैन, अलमीर अली, षिवांष अग्रवाल ने अपने अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वाटरफाइनल में प्रवेष कर लिया है। स्पर्धा का शुभारम्भ श्री नितेष जैन, निदेषक, आदिनाथ फलेक्सीपैक प्राईवेट लिमिटेड, श्री अभिमन्यु सिंह गढ़ा, ट्रस्टी, इंदौर टेनिस क्लब, श्री अर्जुन धूपर, सह-सचिव, म. प्र. टेनिस संघ, के आतिथ्य में किया गया। समारोह का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया। शेष परिणाम इस प्रकार रहे :-



बालक बर्ग-16 वर्ष आयु (मुख्य दौर), ,युग जैन (म.प्र.) विवि नीव भंसाली (महा.) 6-0, 6-0, षिवांष अग्रवाल (म.प्र.) विवि जय बगानी (म.प्र.) 6-0, 6-0,अलमीर अली बारसी (म.प्र.) विवि कबीर वरसानिया (छ.ग.) 6-0, 6-0, अनघ अग्रवाल (म.प्र.) विवि अराध्य पाटिल (म.प्र) 6-4, 6-2,माधव शाह (गुज.) विवि हेमांग बरना (राज.) 6-2, 6-1 पृथ्वी सिंह चौहान (म.प्र.) विवि कृष्णा रानी (महा.) 7-6, 6-1, रंष गोटीवाला (गुज.) विवि रोहन वोर्डे (महा.) 6-4, 5-7, 10-6,

**बालक बर्ग-16 वर्ष आयु (मुख्य दौर)**

कृष्वी झा (म.प्र.) विवि आरया गोयला (म.प्र.) 6-1, 6-2

मनुस्मृति सिंह (म.प्र.) विवि प्राप्ती तिवारी (गुज.) 6-4, 6-0 आन्या फलजले (म.प्र.) विवि शरनया जोषी (म.प्र.) 6-2, 6-2

खुषवी पड़ीयार (म.प्र.) विवि दीक्षा ठाकुर (गुज.) 6-1, 6-0

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकी इंदौर की अद्विका, टेबल टेनिस में जीता गोल्ड

**इंदौर। शहर की 14 वर्षीय अद्विका अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भारत का नाम रोशन किया है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित दक्षिण एशियाई यूथ टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अद्विका ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर-15 टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल ि**

कया है। अद्विका ने इस प्रतियोगिता में नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान और मालदीव जैसी मजबूत टीमों को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि अविका पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहीं और एक भी मैच नहीं हारी। अद्विका ने कहा, ÷टूर्नामेंट में खेलना और टीम का खिताब जीतना मेरे करियर के लिए एक बड़ा कदम है। मैंने रणनीति के साथ खेला और आत्मविश्वास बनाए रखा।÷ यह पहला मौका नहीं है जब अद्विका ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीता हो। इससे पहले वह 2024 में जॉर्डन के अम्मान में रजत पदक और बेल्जियम के स्पा में कांस्य पदक अपने नाम कर चुकी हैं। शहर के शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा अद्विका का हर दिन सुबह और शाम कड़ी ट्रेनिंग करती हैं। वह स्पार्टनस टेबल टेनिस क्लब में कोच रोहन जोशी और रोशन जोशी से प्रशिक्षण लेती हैं। अद्विका का कहना है, ÷मैं मल्टीबॉल ट्रेनिंग के साथ ही सुबह ब्रीदिंग एक्सरसाइज और इंदौर टेनिस क्लब में स्विमिंग भी करती हूं, जिससे मेरी स्टैमिना बढ़ती है। अब अद्विका की नजर जून से शुरू हो रहे घरेलू सत्र पर है। वह अंडर-15 और अंडर-17 वर्गों में राष्ट्रीय खिताब जीतने की तैयारी में जुटी हैं।






## कपिल देव चालीसा

भारत मां के लाड़ले, कपिल देव क्रिकेट।
रनन की बौछार करि, लीने खूब विकेट।।
बच्चों सुन लो खेल कहानी
यों हंस करके बोली नानी।।1
तररासी की बात बताऊं।
सच्चा सच्चा हाल सुनाऊं।।2
कपिल देव नायक हैं भारी।
जिनको जाने सब संसारी।।3
जनवरी छः सन् उनसाठा।
भये कपिल क्रिकेट सम्राटा।।4
चंडी हरियाणा रजधानी।
शिक्षा खेल-कूद कराणी।।5
दायें हाथ में गेंद संवारें।
बल्लेबाजी में रन मारे।।6
छक्के चौंके बहुत लगाते।
देख युवा सब मन हरषाते।।7
गेंदबाज भी आप निराले।
बाथम के भी पड़ते छाले।।8
आल राउंडर आप कहाये।
जन जन के मन को तुम भाये।।9
उन्नीस सौ तररासी आया।
वेल ब्रिटिश में उत्सव छाया।।10
विश्वा कप क्रिकेट रचाये।
आठ देश दुनिया के आये।।11
साठ अवर संविधान बनाया।
लंबा चौड़ा खेल कराया।।12
भारत ने इक टीम पठाई।
सकल देश में खुशियां छाई।।13
कपिल देव नायक थे भाई।
हरियाणा के शेर कहाई।।14
वीर साहसी बड़े खिलाड़ी।
छोटी मूंछें लंबे काठी।।15
जब वे मंद मंद मुस्काते।।
टीम विरोधी सब घबराते।।16
नौ जून तर्रासी आया।
भारत इंडिज से टकराया।।17
ग्यारह जून दूजा भाई।
जिम्बाब्वे संग मेच रचाई।।18
पहला दूजा दोनों तारे।
तीजे कंगारू से हारे।।19
पंद्रह जून भी धोखा खाया।
चौथा वनडे हाथ गंवाया।।20
पंचम जिम्बाब्वे टकराया।
कपिल देव ने व्यूह रचाया।।21
प्रथम खिलाड़ी जल्दी भागे।
सस्ते सस्ते ग्राउंड त्यागे।।22
सत्रह रन पर पांच विकेटा।
देखा दादा गये आखेटा।।23
सूर्यदेव को किया प्रणामा।
हंसती गौरी जनता वामा।।24
दादा मन में करे विचारा।
सभी खिलाड़ी भै लाचारा।।25
रोजर बिन्नी को समझाया।
धीरज धरना मेरे भाया।।26
भारत मां के वीर खिलाड़ी।
हनुमत जैसे चले अगाड़ी।।27
एक तरफ से दादा मारे।
बिन्नी भी संग मेच संवारे।।28
चूके रोजर मन घबराये।
सीधे पैवेलिन को आये।।29
अब सैयद किरमानी आये।
कपिल देव से भी बतराये।।30
युद्ध कठिन दादा ने देखा।
मुंह पर लाली छाइ विशेषा।।31
बल्लेबाजी करते भारी।
गेंदें भेजें सीमा पारी।।32
चौंके सोलह मारे दादा।
छै छक्के से करते वादा।।33
धुवां धार सी बेटिंग भारी।
बालर करते हा हा कारी।।34
एक पिचहत्तर रन बनाए।
विश्व रिकार्ड आप रचाये।।35
छठवां सातम भी वह जीते।
विश्व कप ले बने अनूठे।।36
अर्जुन पद्मश्री भी पाया।
पद्मभूषण में नाम कमाया।।37
लेफ्टिनेंट कर्नल पद पाया।
सेना का भी मान बढ़ाया।।38
फिल्मों में भी अभिनय कीना।
गोल्फ खेल में मेडल लीना।।39
विश्व कप भारत में लाये।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव रिंवझा में भागवत कथा में हुए शामिल

## मुख्यमंत्री की कार्य शैली की तारीफ कथावाचक डॉ. अनिरूद्धाचार्य जी महाराज ने की

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को मझौली के समीप स्थित ग्राम रिंवझा में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन गौरी गोपाल आश्रम, वृंदावन के संस्थापक एवं प्रख्यात कथावाचक डॉ. अनिरुद्धाचार्य जी महाराज द्वारा किया गया है। रिंवझा अनिरुद्धाचार्य जी महाराज का पैतृक ग्राम है और उनका बचपन यही व्यतीत हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन स्थल पर पहुँचकर अनिरुद्धाचार्य जी महाराज से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यासपीठ को भी नमन किया तथा प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बंशी, श्रीमद्भागवत गीता एवं अंगवस्त्रम् भेंट कर स्वागत किया। अनिरुद्धाचार्य जी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कार्यशैली, लोकहित में उनके किये जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने के अवसर को श्रद्धालुओं के लिये सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की यह कथा भक्तों के रोम-रोम को आनंद प्रदान करने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव



ने वेद वाक्य ÷यत् पिंडे-तत् ब्रह्माण्डे÷ की व्याख्या भी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया आज भारतीय संस्कृति को देखना, समझना और अंगीकृत करना चाहती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कंस का वध करने के बाद शिक्षा प्राप्त करने उज्जैन आए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धार के समीप स्थित अमझेरा में भगवान श्रीकृष्ण ने युद्ध किया और जानापाव में उन्हें भगवान परशुराम ने सुदर्शन चक्र दिया था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी प्रासंगिक है। यह सभी को अमीर और गरीब के भेद से मुक्त होकर मित्रता निभाने की सीख प्रदान करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उज्जैन ओंकारेश्वर, महेश्वर, मैहर एवं ओरछा सहित उन्नीस धार्मिक नगरों में शराब की दुकानों को बंद कराया गया है। इसके साथ ही खुले में मांस विक्रय को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिसके घर गाय होती है उसे गोपाल कहते हैं और जिसके घर में गाय का कुल होता है उसे गोकुल कहते हैं। प्रदेश में गौपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। 25 से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश अभी तीसरे स्थान पर है और संपूर्ण देश का 9 प्रतिशत दूध मध्यप्रदेश में उत्पादित होता है। राज्य सरकार ने इसे 20 प्रतिशत तक बढाने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को सर्व सुविधायुक्त बनाने का प्रबंध भी किया जा रहा है और जगह-जगह आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को संस्कारों की शिक्षा देने देवी-देवताओं के प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। अनिरूद्धाचार्य जी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान करने ग्राम रिंवझा में विद्यालय बनाने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वृंदावन स्थित गौरी गोपाल आश्रम आने तथा इस संस्था द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों का अवलोकन करने का आग्रह भी किया। श्रीमद भागवत कथा में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक पाटन श्री अजय विश्नोई, विधायक बरगी श्री नीरज सिंह, विधायक सिहोरा श्री संतोष वरकडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, श्री अखिलेश जैन, श्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक श्री नीलेश अवस्थी स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कथावाचक प्रदीप मिश्रा का विवादित बयान बेटियों को दी बाइक सुधारने वालों से सावधान रहने की सलाह



प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने रविवार को जयपुर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान लव जिहाद, पाकिस्तान और बेटियों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर खुलकर बयान दिए। विद्याधर नगर में कथा के चौथे दिन उन्होंने युवतियों को संबोधित करते हुए बाइक सुधारने वालों से सावधान रहने की सलाह दी, जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है।

- 10 रुपए की चाउमीन और एक्शन दिखाकर फंसाने की कोशिश करते है

- लव जिहाद से सतर्क रहो

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा की 10 रुपए की चाउमीन और एक्शन दिखाकर फंसाने की कोशिश करते हैं। बेटियों से निवेदन है, ऐसे मोटरसाइकिल सुधारने वालों से सावधान रहना। दूसरों का पेट्रोल डलवाकर, गाड़ी से एक्शन दिखाकर, 10 रुपए की चाऊमीन खिलाकर तुम्हें फंसाने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि बेटियों को अपने माता-पिता को कन्यादान का सौभाग्य देना चाहिए, न कि किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में आकर गलत फैसले लेने चाहिए।

विद्याधर नगर में हो रही शिवमहापुराण कथा में हजारों श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान मिश्रा ने धार्मिक प्रसंगों के बीच सामाजिक मुद्दों पर भी अपने विचार रखे।

### लव जिहाद से सतर्क रहो

अपने संबोधन में मिश्रा ने लव जिहाद को लेकर चिंता जताई और युवतियों से आह्वान किया कि वे अपने धर्म और संस्कृति को समझें और भावनाओं में बहकर गलत लोगों के जाल में न फंसे। उन्होंने कहा कि कन्यादान का अवसर भगवान केवल हिम्मत वाले माता-पिता को देते हैं, इसलिए हर बेटी को यह अवसर अपने माता-पिता को देना चाहिए।

## टक्कर से छात्र की मौत, पिता घायल

**इंदौर ।** तेजाजी नगर इलाके में पिता के साथ बाइक से पेट्रोल भरवाकर जा रहे छात्र को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद गंभीर घायल होने के चलते उसे एमवाय भेजा गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना तेजाजी नगर मेनरोड की है। राज (18) और उसके पिता प्यारेसिंह सोलंकी (40) निवासी ग्राम मेरोद अपनी बाइक से पेट्रोल डलवाकर रविवार दोपहर बाहर की तरफ आये तभी उसे तेज रफ्तार एक कार ने दोनो को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने एबुलेंस से राज और उसके पिता को एमवाय भेजा, यहां पर उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने कार की जानकारी रात में पुलिस को दी। बाइक प्यारेसिंह चला रहे थे। राज पीछे से उछलकर आगे की तरफ आ गया था। पुलिस मामले में जांच कर रही है। परिवार के लोगो ने बताया कि राज इसी साल 12 वीं क्लास में गया था। वह निजी स्कूल से पढ़ाई कर रहा था। दोपहर में वह अपनी बाइक से कही जाने के लिए घर से निकला था, तभी हादसे का शिकार हो गया। राज के पिता ड्रायवरी करते है, वही राज के परिवार में एक छोटा भाई है।

## मप्र कांग्रेस ने पहली बार अलग से बनाया चुनाव प्रबंधन विभाग

### हर विधानसभा में बनाएंगे चुनाव प्रबंधन प्रभारी

इंदौर। मप्र कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसे लेकर तरह-तरह के प्रयोग किया जा रहे हैं और अलग-अलग व्यक्तियों को दायित्व दिए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के करीब साढ़े तीन साल पहले कांग्रेस ने पहली बार चुनाव प्रबंधन विभाग का अलग से गठन किया है। कांग्रेस के प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ. संजय कावले ने बताया कि इससे पहले चुनाव के समय चुनाव प्रबंधन कमेटी बनाई जाती थी। पहली बार इस तरह का प्रयोग किया गया है। इस विभाग का प्रभार पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह को दिया गया है।

वही संगठन प्रभारी मे भी बदलाव किया गया गया है। पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह की जगह पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे को प्रभार सौंप गया है। दरसअल चार महीने पहले एमपी कांग्रेस के संगठन में दो-दो प्रभारी नियुक्त किए गए थे। पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह और प्रदेश महामंत्री संजय कामले को संगठन का प्रभारी बनाया गया था। चार महीने में ही प्रियव्रत सिंह की जगह संगठन का प्रभार पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे को दिया गया है।



कांग्रेस की चुनाव प्रबंधन समिति में प्रियव्रत सिंह- प्रभारी, गौरव रघुवंशी- अध्यक्ष, गोरकी बैरागी- सदस्य, मृणाल पंत- सदस्य, शैलेन्द्र पटेल- सदस्य और मयंक तेनगुरिया- सदस्य बनाए गए हैं।

### पंचायत और वार्ड समितियों का होगा गठन

एमपी कांग्रेस द्वारा गठित चुनाव प्रबंधन विभाग अब निचले स्तर के संगठन पर काम करेगा। यानि हर विधानसभा में चुनाव प्रबंधन का प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। इसके बाद पंचायत और वार्ड समितियों का गठन होगा। इन समितियों के गठन में इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि चुनावी लिहाज से पंचायत और वार्ड समिति के सदस्य कितने कैपेबल हैं।

### तकनीक के जानकार लोगों को बनाएंगे सदस्य

सोशल मीडिया पर सक्रियता के साथ ही स्थानीय राजनीतिक परिस्थिति और तकनीक के जानकार लोगों को सदस्य बनाया जाएगा। विधानसभा के प्रभारियों के बाद पंचायत और वार्ड समितियों को चुनावी लिहाज से ट्रेनिंग देने का काम चुनाव प्रबंधन विभाग द्वारा किया जाएगा।

वहीं भाजपा ने जिस तरह से मतदाता सूची पर पन्ना प्रभारी और अर्द्ध पन्ना प्रभारी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस भी अब पन्ना प्रभारियों की काट खोजने के लिए पंचायत और वार्ड समितियों के गठन के बाद वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन पर बारीकी से काम करेगी।

### स्थानीय स्तर के सार्वजनिक मुद्दों का करेंगे संकलन

कांग्रेस के चुनाव प्रबंधन विभाग द्वारा पंचायत और वार्ड समितियों के जरिए स्थानीय स्तर के सार्वजनिक मुद्दे संकलित कराए जाएंगे। उनका पूरा दस्तावेजीकरण होगा। चुनाव में नैरेटिव सेट करने में ये मुद्दे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। कौन से ऐसे स्थानीय मुद्दे हैं जिन्हें जिला स्तर पर और प्रदेश स्तर पर उठाते हुए इलेक्शन का नैरेटिव सेट करना है ये काम भी चुनाव प्रबंधन विभाग करेगा।

## इंदौर से प्रदेश कांग्रेस में बनाये गए 9 प्रवक्ता

### वरिष्ठ नेता राजेश चौकसे, अमित चौरसिया प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मनोनीत

इंदौर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कल सोमवार को प्रदेश मीडिया विभाग का पुनर्गठन किया गया। यह निर्णय वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, जनसरोकारों, तथा भाजपा सरकार की विफलताओं के गहन विश्लेषण के उपरांत लिया गया है। जिसमें मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मिडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक द्वारा इंदौर से वरिष्ठ नेता राजेश चौकसे, अमित चौरसिया, संतोष सिंह गौतम, मृणल पंत, आनंद जैन कासलीवाल, नीलाभ शुक्ला, हर्ष जैन, प्रमोद द्विवेदी, हिमानी सिंह को पुनः प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने कहा कि मीडिया विभाग को और अधिक सशक्त, संगठित एवं जनसंवेदनशील बनाया जाना समय





की माँग है। कांग्रेस पार्टी की जनहितकारी नीतियों, वैकल्पिक दृष्टिकोण एवं भाजपा सरकार के जनविरोधी फैसलों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह पुनर्गठन किया गया है। मीडिया के माध्यम से जनता की समस्याओं को मुखर रूप से सामने लाना, सत्तारूढ़ दल की नाकामियों को उजागर करना तथा लोकतांत्रिक संवाद को सशक्त बनाना इस पहल का मूल उद्देश्य है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में यह मीडिया टीम कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी। यह पुनर्गठन पार्टी की संगठनात्मक दृष्टि, युवा ऊर्जा और अनुभवी नेतृत्व का समन्वय दर्शाता है। इसी क्रम में प्रस्तुत की गई प्रवक्ताओं की सूची को औपचारिक रूप से अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## भ्रष्टाचार में फंसे अफसरों को बड़े प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी

इंदौर। सरकार की सख्ती के बावजुद लोकनिर्माण विभाग में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं भ्रष्ट अफसरों का पूरा संरक्षण मिल रहा है। विभाग की कार्यप्रणाली को देखें तो यह तथ्य सामने आता है कि लोकनिर्माण विभाग में भ्रष्ट सबसे विश्वसनीय है। इसका आकलन इससे किया जा सकता है कि विभाग में भ्रष्टाचार में फंसे अफसरों को बड़े-बड़े प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी जा रही है।

ताजा मामला पीडब्ल्यूडी सेतू में पदस्थ चीफ इंजीनियर जीपी वर्मा का सामने आया है। 83 करोड़ के घोटाले में वर्मा को आरोप पत्र देने के बाद भी सरकार ने इन्हें 2 हजार करोड़ से ज्यादा के 46 फ्लाईओवर और आरओबी के निर्माण की जिम्मेदारी सौंप दी है।

गौरतलब है कि मप्र सरकार एक तरफ जहां भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टारलेंस की बात करती है, वहीं भ्रष्टाचार में फंसे अफसरों को बड़े और करोड़ों के प्रोजेक्ट भी सौंपने में लगी है। तत्कालीन मुख्य अभियंता (भवन) इंदौर में पदस्थ रहे जीपी वर्मा पर आरोप है कि इन्होंने 83 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले जिला अदालत के निर्माण में कथित तौर पर अनियमितताएं कीं। इन्होंने न्यायालय भवन इंदौर के निर्माण में द्वितीय निविदा आमंत्रण के दौरान न्यूनतम निविदाकार मेसर्स एरकॉन इंफ्रा लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत टर्नओवर की विधिवत पुष्टि नहीं की और टेंडर खोलकर काम को मंजूरी दे दी। जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय से 8 सई 2024 को मिली शिकायत में मेसर्स परकॉन इंफ्रा गुजरात के द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी होने का उल्लेख है। उक्त शिकायत की जांच मुख्य अभिंयता भवन इंदौर द्वारा किए जाने पर ठेकेदार का अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। इसके बाद एरकॉन इंफ्रा को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया, जिसके कारण जिला अदालत के भवन का निर्माण समय पर नहीं हो सका और सरकार को करोड़ों की चपत लगी। इसके चलते लोक निर्माण विभाग ने 27 सितंबर 2024 को चीफ इंजीनियर जीपी वर्मा को आरोप पत्र थमा दिया।

### कई प्रमुख प्रोजेक्ट वर्मा के पास

जीपी वर्मा पीडब्ल्यूडी सेतू में चीफ इंजीनियर के पर पर पदस्थ हैं। भ्रष्टाचार में फंसे होने के बावजुद सरकार ने वर्मा को इस साल कई प्रमुख प्रोजेक्ट सौंप दिया है। इनमें शिप्रा नदी पर नवीन फोरलेन लागत 23.48 करोड़, नरसिंह घाट पर सामतिर पुल का निर्माण 10.53 करोड़, शंकराचार्य चौराहा, शिप्रा नदी पर पुल निर्माण-43.82 करोड़, रेलवे पुल के सामांतर लालपुल 4 लेन का निर्माण-17.32 करोड़, उज्जैन-मक्सी मार्ग टू-लेन आरओबी का निर्माण-52.03 करोड़, उज्जैन-लालपुर, आरओबी पंचक्रोशी का निर्माण -46.52 करोड़, हरिफाटक पार्किंग से महाकाल लोक पाने अंडापास 49.50 करोड़, दुर्गादास को छत्री से गोन्सा चौराहा 4 लेन पुल सहित 67.27 करोड़, शाजापुर बायपास सहित दो उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण- 152 करोड़, वेदा नदी पर रपटा के स्थान पर बिज निर्माण लागत- 20.06 करोड़, चकनार नदी पर गाडासरई मार्ग के लिए पुल का निर्माण-12.50 करोड़, पीडब्ल्यूडी मार्ग पर कारी नदी पर पुल का निर्माण लागत-24.00 करोड़, सिंध नदी पर मिहाबरा व दोनों के बीच पुल निर्माण लागत-49.23 करोड़, थांदला में ग्राम केसरपुरा में माही नदी पर पुल का निर्माण-15.22 करोड़, ग्राम खडेंदरा से सुडके बीच सिंध नदी पर पुल निर्माण 17.78 करोड़, अमरावती राजमार्ग रेलवे फाटक के पास ओवर ब्रिज 80.00 करोड़, सोधी में संजय गांधी महाविद्यालय तक फ्लाईओवर 188.20 करोड़ और निवाड़ी लझांसी मानिकपुर रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज-23.53 करोड़ का प्रोजेक्ट शामिल हैं।

### वर्मा पर भ्रष्टाचार के कई मामले

जीपी वर्मा पर पूर्व में भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इससे पहले जीपी वर्मा कार्यपालन यंत्री के रूप में दतिया में पदस्थ थे और वहां इनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के चलते इनके खिलाफ सरकार द्वारा विभागीय जांच की जा रही है। भ्रष्टाचार के मामले में आरोप पत्र सौंपने के बाद भी सरकार ने इन्हें इंदौर से हटाकर भोपाल में सेतू निर्माण की जिम्मेदारी सौंप दी। इधर, भोपाल के ही डॉ. अंबेडकर ब्रिज जो कि गणेश मंदिर से डीबी मॉल के सामने से होते हुए मंत्रालय की सडक् को जोड़ता है, उसमें भी अनियमितताओं के चलते विभाग ने इन्हें शोकॉज नोटिस जारी किया था। हाल ही में इस मामले की शिकायत एसीएस पीडब्ल्यूडी नीरज मंडलोई से की गई है। शिकायत में 156 करोड़ की लागत के जीजी फ्लाईओवर ब्रिज के घटिया निर्माण कार्य में ठेकेदार और चीफ इंजीनियर की मिलीभगत बताई जा रही है। सेतू निर्माण के चीफ इंजीनियर जीपी वर्मा भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे होने के बाद भी सरकार इन पर मेहरबान नजर आ रही है। जिला अदालत इंदौर के भवन निर्माण में हुई अनियमितताओं को लेकर इनके विरुद्ध जारी आरोप पत्र का वर्मा ने समय पर जवाब नहीं और जीजी ब्रिज, जिसे अब डॉ. अंबेडकर फ्लाईओवर के नाम से जाना जाता है, में हुई गड़बडियों में शामिल कार्यपालन यंत्री को बचाने का काम किया जा रहा है। ऊपर से सरकार ने 2 हजार करोड़ से अधिक की लागत के 46 फ्लाईओवर और आरओबी के निर्माण की जिम्मेदारी भी इन्हें सौंप दी है, जिसमें तीन आरओबी और फ्लाईओवर भोपाल में निर्मित कराए जाने हैं। इस संबंध में जीपी वर्मा से बात करनी चाही, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com